संस्कृत-विमर्शः

नवशृङ्खला

अङ्कः - 12 (जनवरी-जून) वर्षम् 2017

राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

(भारतशासन-मानवसंसाधनविकासमन्त्रालयाधीनः

राष्ट्रियमूल्याङ्कन-प्रत्यायनपरिषदा 'ए'-श्रेण्या प्रत्यायितः मानितविश्वविद्यालयः)

नवदेहली

प्रकाशकः
कुलसचिवः
राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्
(मानितविश्वविद्यालयः)
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया
जनकपुरी, नवदेहली-110056

e-mail : rsksrp@yahoo.com
website : www.sanskrit.nic.in

© राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

ISSN : 0975-1769

संस्करणम् : 2017

प्रत्यङ्कम् - 50.00

मुद्रकः
डी.वी. प्रिंटर्स
97-यू.बी., जवाहर नगर, दिल्ली-110007
मो.: 9818279798, 9990279798

SAṂSKṚTA-VIMARŚAḤ

New Series

Vol.-12 **(January-June)** **Year 2017**

Rashtirya Sanskrit Sansthan
(Deemed to be University)
Under Ministry of Human Resource Development
Govt. of India
Accredited by NAAC with 'A' Grade
New Delhi

Publisher :
Registrar
Rashtriya Sanskrit Sansthan
Deemed University
56-57, Institutional Area,
Janakpuri, New Delhi-110056

e-mail : rsksrp@yahoo.com
website : www.sanskrit.nic.in

© Rashtirya Sanskrit Sansthan

ISSN : 0975-1769

Edition : 2017

Rs. 50.00

Printed :
D.V. Printer
97, UB, Jawahar Nager, Delhi-110007
Mob. 9818279798, 9990279798

परामर्शदातृ-समितिः

1. **प्रो. वी. कुटुम्ब शास्त्री,**
   36, एवरग्रीन अपार्टमेण्ट, प्लॉट न. 9,
   सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली-110075

2. **प्रो. के.वी. रामकृष्णमाचार्युलु,**
   4-45 अपोजिट सत्य सांई मंदिर,
   सत्य सांई नगर, सांई नगर पंचायत,
   तिरुपति (आन्ध्र प्रदेश) - 517503

3. **प्रो. रामचन्द्रपाण्डेयः**
   38, मानसनगर दुर्गाकुण्डः, वाराणसी (उ. प्र.)

4. **प्रो. किशोरचन्द्रमहापात्रः**
   श्री जगन्नाथसंस्कृतविश्वविद्यालयः, पुरी (उड़ीसा)

5. **प्रो. आजादमिश्रः**
   2/239, विरामखण्डः-2, गोमतीनगरम्
   लखनऊ, (यू. पी.) 226010

6. **प्रो. जि.एस्.आर. कृष्णमूर्तिः**
   राष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्,
   तिरुपतिः - 517507 (आन्ध्रप्रदेशः)

7. **प्रो. श्रीपादभट्टः**
   राष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्,
   तिरुपतिः - 517507 (आन्ध्रप्रदेशः)

✦✦✦

Advisory-Board

1. **Prof. V. Kutumba Sastry,**
   36, Evergreen Appartment Plot-9
   Sect. 7, Dwarka, New Delhi-110075

2. **Prof. K.V. Ramakrishnamacharyalu,**
   4-45, opp. Satyasai Mandir
   Stayasai nagar, Satya Sainagar panchayat
   Tirupati (A.P.) - 517503

3. **Prof. Ram Chandra Pandey**
   38, Manas Nagar, Durgakund
   Varanasi (U.P.)

4. **Prof. Kishor Chandra Mahapatra**
   Sri Jagannath Sanskrit Vishvavidyalaya
   Puri (Odisha)

5. **Prof. Azad Mishra**
   2/239, Viramkhand-2
   Gomatinagar, Luknow-226010

6. **Prof. G.S.R. Krishnamurty**
   Rashtriya Snaskrit Vidyapeetha
   Tirupati - 517507 (A.P.)

7. **Prof. Shripada Bhat**
   Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha
   Tirupati - 517507 (A.P.)

✦✦✦

विषयानुक्रमाणिका

1. **विज्ञानवाद और वेदान्त की दृष्टि में दृश्य जगत्** 01
—डॉ. अजय कुमार झा

2. **भावादिचर्वणायां चित्तदशा** —पंकजकुमारबालाणः 09

3. **मानवीय मूल्य तथा स्वास्थ्य का सम्बन्ध** 16
—डॉ. राजकुमारी त्रिखा

4. **वैदिक साहित्य में विहित पर्यावरण संरक्षण की परिकल्पना-वर्तमान संदर्भ में** —अजय कुमार 22

5. **उत्तरनैषधीयचरिते रसयोजना** —ममता पाठक 32

6. **संस्कृतवाङ्मये डॉ. नन्दकिशोरगौतमप्रणीतयौतुकनर्तनम् इति कथायाः लोकोपयोगिता** —मुनेशकुमारः 39

7. **शान्तिशिक्षा : शिक्षायां नवीनोपागमः** —सविता राय 43

8. **संस्कृत वाङ्मये आधुनिकमहाकाव्ये डॉ० निरञ्जन मिश्र विरचितं "गङ्गापुत्रवदानम्" इति महाकाव्यस्य महत्वम्** -जगदीशचन्द्रकाला 51

9. **The Spirituality of the Vedic Sacrifice** 55
-Hriday R. Sharma

10. **संस्कृतकाव्यशास्त्र में काव्यप्रयोजन विमर्श** 66
—हरिद्वार वर्मा

11. Concept of Irrigation as Depicted in Sanskrit Texts 71
-Dr. Dhananjay Vasudeo Dwivedi

12. **'आजादचरितम्' महाकाव्य में चन्द्रशेखर 'आजाद' का नायकत्व** 91
—रवि कुमार

13. **शङ्कराचार्यस्य अद्वैतदर्शने जीवन्मुक्तिः** —रविः 103

14. **महाभारताधारित-सिन्धुराजवधमहाकाव्यस्य लोकोपयोगिता** 110
—पूजा

15. **डॉ. हरिनारायणदीक्षितविरचितस्य भारतमाताब्रूते महाकाव्ये वर्णितसामाजिकदशायाः समीक्षात्मकमध्ययनम्** 115
—विष्णु-दत्त-तिवारी

16. **भक्तिस्वरूपं तद्भेदाश्च** —प्रवीण कुमार राय 118

17. **संस्कृतवाङ्मये आधुनिकनाटकेषु श्रीरामेश्वरदयालुविरचितं "शान्तामङ्गलम्" इति नाटकस्य प्रासङ्गिकता** 125
—मनोजकुमारः

18. **व्याकरणशास्त्रे शब्दः प्रमाणम्** —डॉ. सुरेश पाण्डेय 128

19. **वेदेषु राष्ट्रचिन्तनम्** —विकासकोठारी 141

20. **पञ्चमहायज्ञानां वर्णनम्** —डा. रामबाबू पाण्डेयः 147

21. **नाडीदोषस्तु विप्राणाम्....** —डॉ. गणेशत्रिपाठी 154

22. **पाणिनिजैनेन्द्रयोः सन्धिसिद्धान्तदिग्दर्शनम्** 159
—डॉ. गजाननधरेन्द्रः

23. **संस्कृत कविता के कुछ अनालोचित पक्ष** 174
—डॉ. अजय कुमार मिश्र

24. **Challenges of Modern Life Style And Vedānta** 193
-Dr. Satyamurti

25. **व्याकरणस्य सर्ववेदपारिषदत्वम्** —डॉ. रामनारायणद्विवेदी 203

26. **नञर्थसमीक्षणम्** —डॉ. अशोककुमारमिश्रः 213

27. **पुस्तकालय का सामान्य परिचय एवं प्रकार** 217
—रामरूप

28. **उपनिषत्सु मोक्षस्य अवधारणा** —अखिलेशकुमारपटेलः 227

29. **औचित्यप्रस्थानविमर्शः** —डॉ. राजकुमारमिश्रः 232

30. **व्याकरणदर्शनाभिमतसमासशक्तिविवेचनम्** 240
—श्री शेषमणिशुक्लः

31. **पातञ्जले महाभाष्ये उपवर्णितं कृषिविज्ञानम्** 246
–डॉ. मधुकेश्वरभट्टः

32. **प्राचीनभारतीयभाषाविद्वद्भिः प्रदत्तम् अमूल्यं योगदानम्** 252
संस्कृतशास्त्रे रसायनविज्ञानम् –डा. रावूरि गायत्रीमुरलीकृष्णः

33. **महाभारतीया वैदेशिकनीतिः** –डा. टी. महेन्द्रः 259

34. **An Appraisal of Indian Culture in Sanskrit** 268
Inscriptions of Cambodia -Prof. Dr. C. Upender Rao

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2017 (अङ्कः-12) ISSN : 0975-1769

विज्ञानवाद और वेदान्त की दृष्टि में दृश्य जगत्

डॉ. अजय कुमार झा
सत्यवती महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

चाहे पाश्चात्य दर्शन हो या पौर्वात्य, चाहे आस्तिक दर्शन हो या नास्तिक, प्रत्येक इस दृश्य जगत् की व्याख्या करने का प्रयास करता है। करे भी क्यों न, मनुष्य इसी जगत् में जन्म लेता है, इसी में सुख एवं दुख का भोग करता है तथा इसी में मृत्यु को प्राप्त करता है। दर्शन ही क्यों, ज्ञान की प्रत्येक विधा विज्ञान से लेकर काव्य तक इसकी व्याख्या करने का प्रयास करती है।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में हमारा प्रथम लिखित ग्रन्थ वेद है, जिसे आर्ष परम्परा में अपौरुषेय तथा वन्दनीय माना जाता है। इसी ग्रन्थ का नासदीय सूक्त[1] जगत् विषयक हमारे चिन्तन की प्राचीनता तथा इसको सुलझाने की हमारी आतुरता का प्रमाण है। वैदिक नासदीय सूक्त से प्रारम्भ हुआ यह भारतीय दर्शन की प्रत्येक धारा के लिए अत्यन्त प्रिय परन्तु जटिल चिन्त्य विषय बन गया।

बौद्ध दर्शन के शून्यवादी विचारकों की दृष्टि में दृश्य और अदृश्य सब कुछ शून्य है।[2] परन्तु इसी धारा के विज्ञानवाद को सर्वशून्यता का यह सिद्धान्त ठीक प्रतीत नहीं होता है। सर्वशून्यता को मानने पर इस मत के प्रतिपादक विचार एवं सिद्धान्त भी शून्य सिद्ध हो जायेंगे और असत् विचार किसी सत् सिद्धान्त का निर्माण नहीं कर सकता है। विज्ञानवाद का दर्शन इसी पूर्वी पीठिका पर खड़ा है। इसलिए वह शून्यता के सिद्धान्त का खण्डन करता है।

बौद्ध दर्शन के दार्शनिक सम्प्रदायों में योगाचार या विज्ञानवाद एक प्रमुख तार्किक सम्प्रदाय है। आचार्य अश्वघोष, आर्य असंग, आचार्य वसुबन्धु तथा आचार्य स्थिरमति ने इस सम्प्रदाय को दर्शन के तार्किक धरातल पर परिनिष्ठित किया।

विज्ञानवाद के अनुसार विज्ञान के अतिरिक्त सम्पूर्ण जगत् तथा इसमें

---

1. ऋग्वेद, नासदीय सूक्त, मंत्र-10/129
2. तथागतो निःस्वभावो निःस्वभावमिदं जगत्। म.का. 22/16

उपलब्ध समस्त पदार्थ असत् हैं।[3] इस जगत् में जो कुछ हमें विविध नाम एवं रूप में दिखाई पड़ता है, वह मृगमरीचिका एवं स्वप्न के समान असत् है।[4] एक मात्र सत् पदार्थ है-विज्ञान। आचार्य वसुबन्धु के अनुसार समस्त भासमान विषय असत् है तथा विज्ञान मात्र ही है।[5] विविध शास्त्रों में आत्मा एवं धर्म सम्बन्धी विविध व्यवहार विज्ञान मात्र का परिणाम है।[6] इस प्रकार विज्ञानवाद के अनुसार एक मात्र विज्ञान सत् है तथा अन्य समस्त दृश्य एवं अदृश्य पदार्थ विज्ञान का परिणाम है। विज्ञानवाद के प्रतिपादक ग्रन्थों में इसको ही चित्त, मन, विज्ञप्ति, धर्मकाय तथा धर्मधातु कहा गया है।

विज्ञानवाद जिसको विज्ञान कहता है वस्तुतः वह हमारे शरीर के अन्दर का पदार्थ है। उसी पदार्थ की उपस्थिति के कारण यह शरीर गतिशील एवं सक्रिय है। ज्ञानेन्द्रिय एवं कर्मेन्द्रिय की गति उसी पर आश्रित है। आर्ष परम्परा में उसी को 'आत्मा' शब्द से सम्बोधित किया जाता है, परन्तु विज्ञानवाद उसको आत्मा नहीं कहता है और न ही उस पर आत्मा के गुणों का आरोप करता है। इसी आन्तर पदार्थ को विज्ञानवाद विज्ञान नाम से सम्बोधित करता है।

किसी भी दार्शनिक धारा के लिए दृश्य जगत् की सत्ता को अस्वीकार करना एक कठिन कार्य है। इसकी अनुभूति मूढ़ और बुद्धिमान् दोनों ही करते हैं। सतही स्तर पर इसको नकारना सम्भव नहीं है। अतः प्रत्येक दार्शनिक धारा अपनी मूल संकल्पना के अनुरूप दृश्य जगत् की व्याख्या के लिए सिद्धान्तों का निर्माण करता है।

इस समस्या के समाधान के लिए विज्ञानवाद त्रिस्वभाव का सिद्धान्त प्रतिपादित करता है। इस सिद्धान्त के अनुसार मूल तत्त्व एक है। वह विज्ञान है परन्तु उसकी प्रतीति अनेक रूपों में होती है। कभी-कभी हमें सत्ताहीन तत्त्व की प्रतीति होने लगती है। यथा-भ्रम की अवस्था में रज्जु में सत्ताहीन तत्त्व सर्प की प्रतीति। इसी प्रकार कभी-कभी हमें विद्यमान तत्त्व की भी प्रतीति नहीं होती है। यथा-भ्रम की अवस्था में हमें विद्यमान रज्जु नहीं सर्प प्रतीति होता है। विज्ञानवाद

---

3. विकल्पमात्रं त्रिभवं ब्राह्यमर्थं न विद्यते।
   चित्तमात्रावतारेण प्रज्ञा तथागती मता। लंकावतारसूत्र, पृ.160
4. विज्ञप्तिमात्रतासिद्धिकारिका।
5. वही कारिका।
6. आत्माधर्मोचारो हि विविधोः यः प्रवर्तते।
   विज्ञानपरिणामोऽसौ।। त्रिं.का. 1

के अनुसार से समस्त प्रतीतियाँ विज्ञान का परिणाम मात्र है। विज्ञान के इस परिणाम को विज्ञानवादी त्रिस्वभाव कहता है।[7]

त्रिस्वभाव अर्थात् तीन स्वभाव, ये हैं-परिकल्पित, परतन्त्र तथा परिनिष्पन्न।[8]

परिकल्पित-

कभी-कभी हमें ऐसी वस्तु की सत्ता का आभास होता है जिसकी सत्ता कथमपि नहीं है। रज्जु में सर्प की प्रतीति इसका प्रमुख दृष्टान्त है। रज्जु में सर्प की स्थिति कथमपि नहीं होती है, परन्तु भ्रम की अवस्था में हमें रज्जु में सर्प की प्रतीति होती है। ऐसी प्रतीतियों को विज्ञानवाद परिकल्पित कहता है। त्रिंशिकाविज्ञप्ति-कारिका में कहा गया है कि जिस-जिस विकल्प से जिस-जिस वस्तु का विकल्प होता है, वह परिकल्पित स्वभाव है।[9] कल्पना पर आश्रित होने के कारण ये विद्यमान नहीं हैं। अतः इनकी सत्ता भी नहीं है। ऐसी वस्तुएँ सदा मिथ्या होती हैं परन्तु विकल्प गौरव से वस्तुवद् प्रतिभासित होती हैं। जिस प्रकार शशश्रृंग एवं आकशकुसुम त्रिकाल असत् होते हैं, उसी प्रकार परिकल्पित वस्तुओं की सत्ता त्रिकाल असत् होती है। परिकल्पित केवल भ्रम है। भ्रम के निराकरण होते ही परिकल्पित की सत्ता निर्मूल सिद्ध हो जाती है। विज्ञानवाद की दृष्टि में लोक व्यवहार के समस्त पदार्थ, आत्मा, बाह्य तथा मानस् पदार्थ, इन्द्रियाँ, मन आदि सभी परिकल्पित हैं।[10] विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि में आचार्य वसुबन्धु ने कहा है कि जिस प्रकार पीलियाग्रस्त रोगी को सब पदार्थ पीले दिखाई पड़ते हैं या दृष्टिदोष के कारण सभी वस्तुएँ केशवत् पतले और उड़ते हुए दीखते हैं या एक चन्द्रमा के स्थान पर दो चन्द्र दिखाई देते हैं, उसी प्रकार अविद्याग्रस्त प्राणियों को बाह्य पदार्थों की प्रतीति होती है।[11]

परतंत्र-

परतंत्र वे पदार्थ हैं जिनकी सत्ता तो नहीं होती परन्तु उनकी उपस्थिति सापेक्षता के कारण होती है। इनकी सत्ता मूल पदार्थ की अपेक्षा से होती है। त्रिंशिकाविज्ञप्तिकारिका में कहा गया है, परतंत्रस्वभावस्तु विकल्पः प्रत्ययोद्भवः।[12]

---

7. त्रयः स्वभावा उक्ताः परिकल्पित परतंत्रतः परिनिष्पन्नश्च। त्रिं.का.आ. पृ.88
8. वही
9. येनकेन विकल्पेन यद्यद् वस्तु विकल्पते परिकल्पित एवऽसौ-त्रिं.का, 20
10. अर्थः परिकल्पित स्वभावः - मध्यान्तविभागटीका पृ. 19
11. विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि कारिका 1
12. त्रिं.का. - का. 21

अर्थात् वे विकल्प जो प्रत्यय से उत्पन्न होते हैं, परतंत्रस्वभाव वाले होते हैं। इसका अभिप्राय यह है कि जिनका अस्तित्व अपने से भिन्न प्रत्ययों पर निर्भर है, वे परतंत्र हैं। स्वभिन्न हेतु प्रत्यय से उत्पन्न होने के कारण वे परतंत्र हैं। वस्तुतः परिनिष्पन्न में जब अविद्या का स्फुरण होता है तब वह परतंत्र के रूप में प्रतीत होता है। परतंत्र भ्रम का आश्रय होता है तथा अर्थाकार प्रतीत होता है। जब रज्जु में सर्प की प्रतीति होती है तब रज्जु की सर्प रूप में प्रतीति परिकल्पित है तथा सर्पाकार प्रतीति परतंत्र है। यह सर्पकार प्रतीति वस्तुतः कर्मसंस्कार एवं वासनाओं का प्रतिफल है। सर्पाकार प्रतीति ही परिकल्पित का आश्रय है।

परिनिष्पन्न-

परिनिष्पन्न विज्ञान है। विज्ञानवाद इसी परिनिष्पन्न की सत्ता को स्वीकार करता है। यही उसका मूल पदार्थ है, अन्य सभी दृश्य पदार्थ अवास्तविक हैं। इसके विषय में त्रिंशिकाविज्ञप्तिकारिका में कहा गया है-निष्पन्नस्तस्य पूर्वेण सदा रहितता तु या।[13] अर्थात् परिकल्पित ग्राह्यग्राहक भाव से सर्वदा रहित पदार्थ परिनिष्पन्न है। इसी के भाष्य में कहा गया है-अविकरपरिनिष्पत्या स परिनिष्पन्न-स्वभावः।[15] इसको आकाश के समान सर्वव्यापी और निर्मल कहा गया है।[16] विज्ञानवादी इसी को तथता, भूतकोटि अनिमित्त, धर्मधातु, धर्मता, शून्यता, विज्ञप्ति-मात्रता और परमार्थ कहते हैं। आचार्य वसुबन्धु ने इसे अत्यन्त विशुद्ध, अनास्रव, धातु, अचिन्त्य, कुशल, ध्रुव, सुख, विमुक्तिकाय तथा महामुनि भगवान् बुद्ध का धर्मकाय कहा है।[17]

इस प्रकार यह त्रिस्वभाव न तो तीन सत् है, न ही तीन सत्ता है और नहीं सत्ता के तीन स्तर हैं। इनमें परिनिष्पन्न एक मात्र सत् है। परतंत्र और परिकल्पित असत् है। परन्तु इनकी प्रतीति होती है, अतः इन्हें स्वभाव के अन्तर्गत रखा गया है।

विज्ञान के इन त्रिस्वभाव की तुलना अद्वैत वेदान्त के प्रतिभास, व्यवहार एवं परमार्थ से की जा सकती है। वेदान्त दर्शन में ब्रह्म को एक मात्र सत् माना जाता है। ब्रह्म को ही वहाँ परमार्थ कहा गया है। स्वप्न और रज्जु में सर्प की

---

13. वही - का. 21
14. त्रिं का भाष्य - पृ. 40
15. मध्यान्तविभागटीका, पृ. 19
16. आकाशवद् एकरसं ज्ञानं। त्रिंशिकाभाष्य, पृ. 40
17. त्रिंशिका, का. 30

प्रतीति जैसी प्रतीतियों को वेदान्त में प्रतिभास कहा गया है और जागतिक प्रतीतियों को व्यवहार कहा जाता है। प्रतिभास और व्यवहार दोनों ही असत् हैं, परन्तु जब तक सत् का ज्ञान नहीं हो जाता तब तक ये असत् होते हुए भी सत् प्रतीत होते हैं।

वेदान्त दर्शन के इस सिद्धान्त को सत्ता-त्रय भी कहा जा सकता है। प्रातिभासिक सत्ता के अन्तर्गत क्षणिक अस्तित्व वाले विषय आते हैं। स्वप्न तथा भ्रम की अवस्था में रज्जु में सर्प की प्रतीति का शुक्ति में रजत् की प्रतीति इसका प्रमुख दृष्टान्त है। प्रतीतिकाल में इनका स्वरूप यथार्थ प्रतीत होता है किन्तु जागृत-काल या भ्रम निवृत्ति के बाद इनका बाध हो जाता है। इनकी मिथ्या सिद्धि हो जाती है।

व्यवहारिक सत्ता के अन्तर्गत आने वाले विषय व्यवहार रूप से सत् प्रतीत होते हैं, व्यवहारिक स्तर पर उनकी सत्ता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। इनके अर्न्तगत समस्त सांसारिक पदार्थ-जीव-जगत् तथा इनके अवयव आते हैं। इनका इन्द्रियों से स्पष्ट प्रत्यक्षीकरण होता है। अतः इनकी सत्ता का अपलाप नहीं किया जा सकता है। परन्तु वेदान्त दर्शन इनकी सत्ता को सत् नहीं मानता है। व्यवहारिक स्तरपर ये सत् हैं परन्तु अविद्या के विनाश तथा ब्रह्म का साक्षात्कार होते ही इनकी सत्ता असत् सिद्ध हो जाती है। प्रातिभासिक सत्ता की अपेक्षा इसका अस्तित्व अधिक स्थायी होता है।

परमार्थिक सत्ता परम सत् है। यह त्रिकाल सत् है। किसी भी क्षण, किसी भी अवस्था में यह बाधित नहीं होती है।[18] इसके अन्तर्गत एकमात्र ब्रह्म की सत्ता आती है। इस सत्ता का वास्तविक ज्ञान होते ही व्यवहारिक सत्ता का क्षय हो जाता है। जैसे स्वप्न से जागे हुए व्यक्ति को स्वप्न के मिथ्यात्व का अनुभव होता है उसी प्रकार ब्रह्म का ज्ञान हो जाने पर जगत् के मिथ्यात्व का अनुभव होता है। आदिशंकराचार्य ने स्वयं कहा है-एकमेव हि परमार्थसत्यं ब्रह्म।[19]

विज्ञानवाद और वेदान्त की इन दोनों अवधारणाओं की विवेचना करने पर इन दोनों में कुछ समानताएँ एवं विषमताएँ दृष्टिगोचर होती हैं। कुछ प्रमुख समानताएँ निम्नांकित हैं :

– विज्ञानवाद परिकल्पित को असत् मानता है। वेदान्त भी प्रतिभास को असत् मानता है।

---

18. एक रूपेण हृदयवस्थिता यो अर्थः स परमार्थ। शं आ. 2-1
19. तै.उ., शां., आं. 2/6

- विज्ञानवाद के अनुसार यह सम्पूर्ण जगत् परिनिष्पन्न (विज्ञान) का प्रतिभास मात्र है। वेदान्त भी इस जगत् को ब्रह्म का प्रतिभास कहता है।
- विज्ञानवाद के अनुसार अनादि ग्राहकग्राह्य वासना के कारण परिनिष्पन्न (विज्ञान) जीव और जगत् के रूप में आभासित होता है। वेदान्त के अनुसार भी अनादि माया शक्ति के कारण ब्रह्म जीव और जगत् के रूप में प्रतीत होता है।
- विज्ञानवाद का परिनिष्पन्न (विज्ञान) निरपेक्ष, अज, नित्य, अचल, अपरिणामी, ज्ञातृज्ञेयभेदरहित, ग्राहकग्राह्यद्वैतरहित, अद्वय, अद्वैत, अनाभास, असंग, स्वप्रकाश, स्वयं-ज्योति, परम विशुद्ध, औतिन्द्रय, निर्विकल्प, अनिर्वचनीय, अपरोक्षानुभूतिगम्य, अनास्रव, लोकोत्तर ज्ञान, अखण्ड, आनन्द तथा अनिर्वचनीय सुखस्वरूप है। वेदान्त दर्शन में भी पारमार्थिक सत्ता 'ब्रह्म' को इन विशेषताओं से युक्त माना गया है।
- विज्ञानवाद के अनुसार सम्पूर्ण द्वैत संसार परिनिष्पन्न (विज्ञान) का आभास है। वेदान्त के अनुसार सम्पूर्ण द्वैत जगत् ब्रह्म का आभास है।
- विज्ञानवाद का परतंत्र वासना की अपेक्षा से है। वेदान्त का व्यवहार अविद्या की अपेक्षा से है।

दोनों अवधारणाओं में कुछ विषमताएँ निम्नांकित हैं :-

- विज्ञानवाद इस जगत् की सत्ता को किसी भी रूप में स्वीकार करने को तैयार नहीं है। वह इसे परिकल्पित कहता है। इसके विपरीत अद्वैत वेदान्त इस जगत् की व्यावहारिक सत्ता स्वीकार करता है। वह इसे व्यवहार कहता है।
- विज्ञानवाद समस्त दृश्य पदार्थों एवं क्रियाओं को असत् तथा उन्हें अर्थाकार विज्ञानों की प्रतीति मानता है। उनके अनुसार जो कुछ अनुभव होता है, वह अर्थाकार विज्ञानों का अनुभव है। पदार्थ एवं क्रियाएँ परिकल्पित हैं तथा पदार्थाकार विज्ञान परतंत्र हे। अद्वैत वेदान्त के अनुसार व्यवहार में हमें पदार्थों का अनुभव होता है, परमार्थ या परमार्थ के प्रवाह का नहीं। इसको वह व्यवहार कहता है।
- विज्ञानवाद में रज्जु-सर्प की प्रतीति, स्वप्नपदार्थ की प्रतीति एवं जागतिक प्रतीति सबके सब परिकल्पित हैं अर्थात् समान रूप से असत् हैं। इन सब में विज्ञान ही अर्थों का आकार लेकर प्रतीत होता है। वेदान्त स्वप्नपदार्थ की प्रतीति एवं जागतिक पदार्थों की प्रतीति में भेद मानता है। स्वप्नपदार्थ

को यह वह प्रतिभास कहता है तथा इसकी निवृत्ति को व्यवहार कहता है। इसकी निवृत्ति परमार्थ से होती है।

- विज्ञानवाद में परिनिष्पन्न और परतंत्र वस्तुतः परम सत् तत्व (विज्ञान) के दो रूप हैं। वेदान्त में परमार्थ का कोई रूप नहीं है। वह अखण्ड है।
- विज्ञानवाद में परिकल्पित और परतंत्र एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दृश्य जगत् के पदार्थ परिकल्पित हैं परन्तु उनका आकार परतंत्र हैं। वेदान्त का प्रतिभास एवं व्यवहार इस तरह सम्बद्ध नहीं है। दोनों की सत्ता अलग-अलग है।
- विज्ञानवाद के अनुसार विशुद्ध विज्ञान रूप परिनिष्पन्न अधिष्ठान है। उस पर अर्थाकार विज्ञान रूप परतंत्र का आरोप होता है। पुनः परतंत्र पर असत् परिकल्पित का आरोप होता है। वेदान्त परमार्थ पर व्यवहार का आरोप स्वीकार करता है। परन्तु व्यवहार पर प्रतिभास को नहीं।
- विज्ञानवाद के अनुसार त्रिस्वभाव वासना-भेद का परिणाम है। वेदान्त के अनुसार सत्तात्रय (परमार्थ, व्यवहार, प्रतिभास) पदार्थ-भेद के कारण है।
- विज्ञानवाद का परतंत्र परिनिष्पन्न की अपेक्षा से है। वेदान्त का व्यवहार परमार्थ की अपेक्षा से नहीं है।

इस प्रकार विज्ञान का त्रिस्वभाव एवं वेदान्त का सत्तात्रय भारतीय दार्शनिक चिन्तन के क्रमिक विकास का सोपानद्वय है। चूँकि विज्ञानवाद वेदान्त से पूर्व का दर्शन है, अतः यह वेदान्त के लिए दर्शानिक चिन्तन की पृष्ठभूमि तैयार कर देता है। वेदान्त के समक्ष इसकी विशेषताएँ एवं कमियाँ होती हैं और वह इन दोनों का भरपूर लाभ उठाता है तथा जगत् की व्यवहारिक व्याख्या करने का प्रयास करता है।

यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि चाहे आस्तिक दर्शन हो या नास्तिक दोनों के समक्ष विशाल उपनिषद् साहित्य उपलब्ध था। सभी ने प्रतिपादित दार्शनिक अंकुरों का खूब पल्लवन किया। यहाँ साक्ष्य के रूप में कुछ उदाहरण प्रस्तुत है-

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव॥

वायुर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव॥[20]

---

20. कठोपनिषद्, 2/2/9-10

यहाँ अग्नि एवं वायु के उदाहरण से समझाया गया है कि एक ही अग्नि अथवा वायु अनेक रूपों को धारण करती है तथा तदाकार प्रतीत होती है। विज्ञानवाद की दृष्टि से विचार करने पर अग्नि अथवा वायु विज्ञान (परिनिष्पन्न) है, उसकी वस्त्वाकारता परतंत्र है तथा वस्तु परिकल्पित है। वेदान्त की दृष्टि से विचार करने पर अग्नि अथवा वायु ब्रह्म है तथा उसका अनेक रूपों में प्रतीत होना व्यवहार है। अतः हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि उपनिषदें दार्शनिक चिन्तन की प्रस्थान बिन्दु हैं।

संग्रन्थावली

1. भारतीय दर्शन, शर्मा चन्द्रधर - मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली 1995
2. भारतीय दर्शन, हिरयन्ना एम - लंदन, 1956
3. भारतीय दर्शन एवं इतिहास, दासगुप्ता एन.एम. - राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1989
4. लंकावतारसूत्र, वैद्य, प.ल. - दरभंगा, 1963
5. महायानसूत्रालंकार, वागची - दरभंगा, 1971
6. विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि, तिवारी, महेश - चौखम्बा विद्या भवन, 1967
7. मध्यान्तविभागटीका, पाण्डेय, रामचन्द्र - विद्या भवन, 1967
8. शरीरिक भाष्य, - निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई
9. कठोपनिषद्, शास्त्री, सुरेन्द्र देव - चौखम्बा विद्या भवन, 1967
10. अद्वैत-वेदान्त, मिश्र, अर्जुन एवं दीक्षित, हृदय नारायण - मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1990

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2017 (अङ्कः-12) ISSN : 0975-1769

भावादिचर्वणायां चित्तदशा

पंकजकुमारबालाणः

शोधच्छात्रः(साहित्यविभागः)
राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम् (मा.वि.)
नव देहली

उत्तमकाव्यस्य लक्षणं कथ्यते ध्वन्यालोककारेणाऽऽनन्दवर्धेन -

यत्रार्थो शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ।
व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथित।।[१]

यत्र शब्दार्थावुपसर्जनीकृतस्वार्थौ प्रतीयमानमर्थमभिव्यङ्क्तः तत्काव्यं ध्वनिर्भवति। ध्वनेरस्य भेदद्वयं वर्तते - अविवक्षितवाच्यध्वनिर्विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनिश्चेति। अस्य विवक्षितान्यपरवाच्यध्वनेर्द्वौ भेदौ वर्तेते - असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यध्वनिः संलक्ष्यक्रम-व्यङ्ग्यध्वनिश्चेति। असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यविषय आनन्दवर्धनो ध्वन्यालोके -

मुख्यतया प्रकाशमानो व्यङ्ग्योऽर्थो ध्वनेरात्मा।
स च वाच्यापेक्षया कश्चिदलक्ष्यतया प्रकाशते।।[२]

अर्थाद् यत्र शतपत्रपत्रशतभेदन्यायेन व्यङ्ग्यार्थो वाच्यापेक्षयाऽलक्ष्यतया प्रकाश्यते तत्रासंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यो भवति। असंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यो रसादिर्वर्तते। रसादिरष्टधा भवति - रसः, भावः, रसाभासः, भावाभासः, भावशान्तिः, भावोदयः, भावसन्धिर्भावश-बलत्वञ्चेति। सम्प्रति रसविषये जिज्ञासा भवति तदाह काव्यप्रकाशकारो मम्मटः -

कारणान्यथ कारणानि सहकारीणि यानि च।
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः।।

विभावा अनुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः।
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायी भावो रसः स्मृतः।।[३]

अर्थाद् लोके रत्यादेः स्थायिनः कारणानि कार्याणि, सहकारीणि च भवन्ति तानि नाट्यकाव्ययोर्विभावाः, अनुभावा व्यभिचारिणश्च कथ्यन्ते। तैर्विभावाद्यैर्व्यक्तः स्थायिभावो

---

१. ध्वन्यालोकः, उद्योतः - 01, कारिका- 13, पृ.सं. - 37
२. ध्वन्यालोकः, उद्योतः - 02, कारिका- 02, पृ.सं. - 74
३. काव्यप्रकाशः, उल्लासः - 04, सूत्र- 43, कारिका- 27-28, पृ. सं. - 95

रसो भवति। नव रसा भवन्ति – शृङ्गारः, हास्यः, करुणः, रौद्रः, वीरः, भयानकः, वीभत्सः, अद्भुतः शान्तश्चेति।

भावादिचर्वणायां चित्तदशा

सम्प्रति रतिहासहर्षशङ्कादिभावानां चर्वणायां चित्तदशा मया प्रतिपाद्यते।

भावः

भावविषये कथ्यत आचार्यमम्मटेन –

रतिर्देवादिविषया व्यभिचारी तथाञ्जितः।[१]

यत्र देवादिविषया रतिरपुष्टा स्थायिभावो वा भवति यत्र च प्राधान्येन व्यभिचारिभावोऽञ्जितो भवति, तत्र भावो भवति। अत्रादिपदान्मुनिगुरुनृपपुत्रादिविषया रतिर्गृह्यते।

अत्र देवविषया रतिर्यथा –

कण्ठकोणविनिविष्टमीश ते कालकूटमपि मे महामृतम्।
अप्युपात्तममृतं भवद्वपुर्भेदवृत्ति यदि मे न रोचते।।[२]

अत्र महादेव आलम्बनविभावः, ईशप्रतिपाद्यव्यवहितैश्चमुद्दीपनविभावः, स्तवोऽनुभावः, धृतिमाहात्म्यस्मरणादयो व्यभिचारिभावा एतैर्विभावादिभिर्व्यक्ता रतिर्व्यज्यते।

रतेर्लक्षणं साहित्यदर्पणे यथा –

रतेर्मनोऽनुकूलऽर्थे मनसः प्रवणायितुम्।[३]

मनोऽनुकूलेऽर्थे मनसः प्रवणायितुं रतिर्जायते।

मुनिविषया रतिर्यथा –

हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः शुभस्य पूर्वाचरितैः कृतं शुभैः।
शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्।।[४]

अत्र मुनिरालम्बनविभावः, दर्शनयोग्यताव्यञ्जनमुद्दीपनविभावः, श्रीकृष्णस्येयमुक्तिरनुभावः, तद्व्यङ्ग्यहर्षो व्यभिचारिभावः, तैर्मुनिविषयकरतिज्ञे सामाजिके भावो व्यज्यते।

---

१. काव्यप्रकाशः, उल्लासः – 04, सूत्र– 49, पृ. सं. – 141

२. परमेश्वरस्तोत्रावलिः, स्तोत्रम्– 13 / काव्यप्रकाशः, उल्लासः – 04, उदा.– 45, पृ. सं. – 48

३. साहित्यदर्पणः, परिच्छेदः– 03, कारिका– 176, पृ.सं. 225

४. शिशुपालवधम्, सर्गः –01, पद्यम् –26, पृ. सं. – 19

कान्ताविषयाऽपुष्टा रतिर्यथा –

हरस्तु किञ्चित्परिवृत्तधैर्यश्चन्द्रोदयारम्भ इवाम्बुराशिः।
उमामुखे बिम्बफलाधरोष्ठे व्यापारयमास विलोचनानि।।[१]

अत्र पार्वत्यालम्बनविभावः, वसन्तादि–ऋतुरुद्दीपनविभावः, विलोचनव्यापारानुभावः, चापल्यावेगादयो व्यभिचारिभावाः। तैर्विभावादिभिरपुष्टा रतिर्व्यज्यते।

अङ्गितव्यभिचारिभावो यथा –

जाने कोपपराङ्मुखी प्रियतमा स्वप्नेऽद्य दृष्टा मया
मां मां संस्पृश पाणिनेति रुदती गन्तुं प्रवृत्ता पुरः।
नो यावत्परिरभ्य चाटुशतकैराश्वासयामि प्रियां,
भ्रातस्तावदहं शठेन विधिना निद्रादरिद्रीकृतः।।[२]

अत्र विधिरालम्बनविभावो नायकस्योक्तिरनुभावः। ताभ्यां विभावादिभ्यां विधिं प्रत्यसुया व्यज्यते। तस्याऽसूयाः स्वरूपम् –

असूयान्यगुणर्द्धिनामौद्धत्यादसहिष्णुता।
दोषोद्घोषभ्रूविभेदावज्ञाक्रोधेङ्गितादिकृत्।।[३]

असहिष्णुताऽसूया जायते। अङ्गिताऽसूया भवो जायते। इत्थं भावो जायते सर्वत्र।

रसाभासः

रसाभासस्य स्वरूपं यथा –

अनौचित्यप्रवृत्यत्व आभासो रसभावयोः।[४]

रसस्यानौचित्यत्वो रसाभासो भवति। भरतादिप्रणीतलक्षणानां विभावादिरूपसामग्रीकारणासत्वे सत्येकदेशयोगित्वोपलक्षणानामनौचित्यं भवति। आलम्बनं कथमनौचित्यं भवति तदा कथ्यते–

उपनायकसंस्थायां मुनिगुरुपत्नीगतायां च।
बहुनायकविषयायां रतौ तथानुभयनिष्ठायाम्।।

प्रतिनायकनिष्ठत्वे तद्वदधमपात्रतिर्यगादिगते।
शृङ्गारेऽनौचित्यं रौद्रे गुर्वादिगतकोपे।।

---

१. कुमारसम्भवम., सर्गः – 03, पद्यम् – 67, पृ.सं. – 91
२. काव्यप्रकाशः, उल्लासः – 04, उदा.– 47, पृ. सं. – 49
३. साहित्यदर्पणः, परिच्छेदः– 03, कारिका– 166, पृ.सं. 217
४. साहित्यदर्पणः, परिच्छेदः– 03, कारिका– 262, पृ.सं. 285

शान्ते च हीननिष्ठे गुर्वाद्यालम्बने हास्ये।
ब्रह्मवधाद्युत्साहेऽधमपात्रगते तथा वीरे।।
उत्तमपात्रगतत्वे भयानके ज्ञेयमेवमन्यत्र।[१]

अर्थाद् शृङ्गारे उपनायकगता, मुनिगुरुपत्नीगता, बहुनायकगता, नायकनायिकागता, प्रतिनायकनिष्ठा, अधमपात्रतिर्यगादिगतरतिर्भवति, तदानौचित्यं भवति। हास्ये गुर्वादिगतो हासो भवति, तदानौचित्यं भवति। रौद्रे गुर्वादिगत क्रोधो भवति, तदानौचित्यं भवति। वीरे ब्रह्मवधादिगते नीचपात्रगत उत्साहो भवति तदानौचित्यं भवति। भयानके उत्तमपात्रगतो भयो भवति तदानौचित्यं भवति। शान्ते हीननिष्ठः शमो भवति तदानौचित्यं भवति। बहुनायकनिष्ठा रतिर्यथा –

स्तुमः कं वामाक्षि! क्षणमपि विना यं न रमसे,
विलेभे कः प्राणान्, रणमखमुखे यं मृगयसे।
सुलग्ने को जातः, शशिमुखि! यमालिङ्गसि बलात्
तपःश्रीः कस्यैषा, मदननगरि! ध्यायसि तु यम्।।[२]

अत्र बहुनायका आलम्बनविभावः, नायिकान्वेषणालिङ्गनध्यानादिरनुभावः, औत्सुक्यादयो व्यभिचारिभावाः। तैर्विभावादिभिः रतिर्व्यज्यते। एवमन्यत्र भवति रसाभासः।

भावाभासः

भावाभासस्य लक्षणमुक्तम् –

अनौचित्यप्रवृत्यत्व आभासो रसभावयोः।[३]

भावस्यानौचित्यत्व आभासो भावाभासो भवति। यथा –

राकासुधाकरमुखी तरलायताक्षी,
सा स्मरयौवनतरङ्गितविभ्रमाङ्गी।
तत्किं करोमि विदधे कथमत्र मैत्रीं,
तत्स्वीकृतिव्यतिकरे क इवाभ्युपायः।।

अत्र सीताऽऽलम्बनविभावः, रावणस्य वचनमनुभावः। ताभ्यां चिन्ता व्यज्यते। चिन्तायाः स्वरूपं साहित्यदर्पणे –

ध्यानं चिन्ता हितानाप्तेः शून्यताश्वासतापकृत्।[४]

---

१. साहित्यदर्पणः, परिच्छेदः- 03, कारिका- 263-266, पृ.सं. 286- 287
२. अमरुकशतकम् / काव्यप्रकाशः, उल्लासः - 04, उदा. -48, पृ. सं. - 49
३. साहित्यदर्पणः, परिच्छेदः- 03, कारिका- 262, पृ.सं. 285
४. साहित्यदर्पणः, परिच्छेदः- 03, कारिका- 171, पृ.सं. 221

अत्र कथमनौचित्यं तदा कथ्यते –

आदौ वाच्ये स्त्रियो रागः पश्चात्पुंसस्तदिङ्गितैः।[१]

अत्र रावणस्यादौ सीतां प्रति रागो वर्तते। अस्मात् कारणादत्र भावभासो वर्तते। एवमन्यत्रापि भवति।

भावशान्तिः

भावशान्तेः स्वरूपं रसगङ्गाधरे जगन्नाथ आह –

भावस्य प्रागुक्तस्वरूपस्य शान्तिर्नाशः।[२]

यत्र व्यभिचारिभावेषु भावस्यैकस्य नाशो व्यज्यते, तत्र भावशान्तिर्जायते। यथा –

मुञ्चसि नाद्यापि रुषं भामिनि! मुदिरालिरुदियाय।
इति तन्व्याः पतिवचनैरपायि नयनाब्जकोणशोणरुचिः।।[३]

अत्र तादृशप्रियवचनश्रवणं विभावः, नयनकोणगत – शोणरुचेर्नाशः तदभिव्यक्तः प्रसादोऽनुभावः। ताभ्यामुत्पत्तिकालावच्छिन्नो रोषनाशो व्यङ्ग्यः। एवमन्यत्रापि भवति।

भावोदयः

भावोदयस्य स्वरूपं पं. राजजगन्नाथ आह –

भावोदयस्य भावस्योत्पत्तिः।[४]

यत्र भावस्योत्पत्तिर्भवति तत्र भावोदयो भवति यथा –

वीक्ष्य वक्षसि विपक्षकामिनी – हारलक्ष्म दयितस्य भामिनी।
असंदेशवलयीकृतां क्षणदाचकर्ष निजबाहुवल्लरीम्।।[५]

अत्र दयितवक्षागतागतविपक्षकामिनीहारलक्ष्मीदर्शनं विभावः, प्रियासंदेशवलयीकृतनिजबाहुलताऽऽकर्षणमनुभावः, ताभ्यां रोषोदयो भवति। एवमन्यत्रापि भवति।

भावसन्धिः

भावसन्धेः स्वरूपं रसगङ्गाधरे –

भावसन्धिरन्योन्यानभिभूतयोरन्योन्याभि-

---

१. साहित्यदर्पणः, परिच्छेदः- 03, कारिका- 195, पृ.सं. 237
२. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 377
३. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 378
४. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 378
५. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 379

भवनयोग्ययोः सामानाधिकरण्यम्।[१]

यत्राऽन्योन्यनभिभूतयोरन्योन्यानभिभवनयोग्ययोर्द्वयोर्भावयोः सामानाधिकरण्यं जायते तत्र भावसन्धिर्जायते। यथा –

यौवनोद्गमनितान्तशङ्किताः शीलशौर्यबलकान्तिलोभिताः।
सङ्कुचन्ति विकसन्ति राघवे जानकीनयननीरजाश्रियः।।[२]

अत्र भगवद्दाशरथिगतस्य लोकोत्तरयौवनोद्गमस्य तादृशस्यैव शीलशौर्यादेश्च दर्शनं विभावः, नयनगतसङ्कोचविकासानुभावः, ताभ्यां व्रीडौत्सुक्ययोः सन्धिर्व्यज्यते। व्रडीयाः स्वरूपं यथा –

स्त्रीणां पुरुषावलोकनादेः पुंसां च प्रतिज्ञाभङ्गपराभवादेरुत्पन्नो
वैवर्ण्याधोमुखत्वादिकारणीभूतश्चित्तवृत्तिविशेषो व्रीडा।[३]

औत्सुक्यस्य स्वरूपं यथा –

अधुनैवास्य लाभो ममास्त्वतीच्छा, औत्सुक्यम्।[४]

एवमन्यत्रापि भवति।

भावशबलत्वम्

भावशबलत्वस्य स्वरूपम् –

भावशबलत्वं भावानां बाध्यबाधक-
भावामापन्नामुदासीनानां वा व्यामिश्रणम्।[५]

यत्र बाध्यबाधकभावप्राप्तानां तटस्थानां वा भावानां योगो भवति, तत्र भावशबलत्वं भवति। यथा –

पापं हन्त मया हतेन विहितं, सीताऽपि यद्यापिता
सा मामिन्दुमुखी विना वतवने, किं जीवितं धास्यति।
आलोकेयं कथं मुखानि कृतानां, किं ते वदिष्यन्ति मां
राज्यं यातु रसातलं पुनरिदं, न प्राणितुं कामये।।[६]

---

१. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 380
२. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 380
३. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 304
४. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 347
५. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 381
६. रसगङ्गाधरः, आननम् -01, पृ.सं. 382

अत्र मत्यसूयाविषादस्मृतिवितर्कव्रीडाशङ्कानिर्वेदानां मिश्रणं व्यज्यते। अतोऽत्र भावशबलत्वं जायते। एवमन्यत्रापि भवति।

इत्थं देवादिविषया रतिरपुष्टा स्थायिभावो वा प्राधान्येन व्यभिचारिभावोऽञ्जितो भवति, तत्र भावचित्तदशा मयोदाहरणैः प्रतिपादिता। रसभावयोरनौचित्यत्व आभासो रसाभासो भावाभासश्च मयोदाहरणाभ्यां प्रतिपादितौ। भावशान्तिचित्तदशा, भावोदयचित्तदशा, भावसन्धिचित्तदशा भावशबलत्वचित्तदशा च मयोदाहरणैः प्रतिपादिताः।

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2017 (अङ्कः-12) ISSN : 0975-1769

मानवीय मूल्य तथा स्वास्थ्य का सम्बन्ध

डॉ. राजकुमारी त्रिखा

पूर्व प्रोफेसर, मैत्रेयी कॉलेज

मानवीय मूल्यों से ही मनुष्य की पहचान होती है। उचित, अनुचित, धर्म, अधर्म को परखने का मानदण्ड मानवीय मूल्य ही होते हैं। इन मूल्यों का पालन ही मनुष्य की विशेषता है। अन्यथा मनुष्य व पशु में क्या अन्तर? आहार, निद्रा, भय, मैथुनादि जीवनधारण की आवश्यक क्रियाएँ तो पशुओं में भी होती है। धर्माचरण से ही सामाजिक पशु रूपी व्यक्ति मनुष्य कहलाता है।

मानवीय मूल्य ऐसे सद्गुण हैं जो व्यक्ति और समाज की सर्वांगीण तथा आत्यन्तिक उन्नति व विकास करते हैं तथा अन्य प्राणी के विकास में बाधा नहीं डालते। महाभारत में भी उसी धर्म को श्रेष्ठ कहा गया है, जो दूसरो के विकास में बाधा न डाले।[1] भारतीय परम्परा में इन सद्गुणों को धर्म कहा गया है तथा अनेक धर्मशास्त्रज्ञो, स्मृतिकारों, महापुरुषों ने अपने-अपने मत के अनुसार इनकी सूची दी है। मनु ने दस धर्मों का उल्लेख किया है-धैर्य, क्षमा, आत्मनियन्त्रण, चोरी न करना, स्वच्छता रखना, इन्द्रियनिग्रह, बुद्धि, विद्या, सत्य तथा क्रोध का अभाव।[2] इनके अतिरिक्त श्रीमद्भगवद्गीता में दैवी सम्पद् के अन्तर्गत अनेक मानवीय मूल्यों का उल्लेख किया है। मन की निर्मलता, सरलता, त्याग, अभिमान का अभाव, चंचलता का अभाव, तेज, क्षमा, धैर्य, किसी से द्रोह न करना, अभय का भाव-ये सब सद्गुण दैवी सम्पद् के अन्तर्गत गिनाये जाते हैं।[3]

---

1. धर्मं यो बाधते, धर्मो न,सः धर्मः कुधर्मस्तत्।
   अविरोधात् तु यो धर्मः, सः धर्मः सत्यविक्रमः।। महा. वनपर्व 131.11
2. धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
   धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। -मनुस्मृति 6.92
3. अभयं सत्त्वसंशुद्धिः ज्ञानयोगव्यवस्थितिः,
   दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जम्।।
   अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशनुम्,
   दयाभूतेष्वलोलुपत्वं मार्दवं ह्रीरचापलम्।।
   तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता,
   भवन्ति सम्पदं दैवीमभिजातस्य भारत।। -श्रीमद्भगवद्गीता 16.1-3

पद्मपुराण में तो अत्यन्त संक्षिप्त एक ही गुण सर्वश्रेष्ठ कहा गया है, "किसी से वह व्यवहार न करो, जो तुम्हें अच्छा नहीं लगता।"[1] सारांश ये है कि अनेक सद्गुणों व धर्मों का उल्लेख है और महाभारत का कथन है कि तुम्हें जो रुचिकर लगे, तुम उसी धर्म का अनुसरण करो, परन्तु मनसा वाचा कर्मणा सर्वथा उस धर्म का पालन करो, उसे जीवन में उतारो तथा दिखावा मत करो।[2] मानवीय मूल्यों का व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र की उन्नति में बहुत योगदान है। इन मूल्यों के पालन से सामाजिक तथा व्यक्तिगत जीवन सुव्यवस्थित, नियन्त्रित तथा निर्बाध गति से चलता है। ये मूल्य ऐसे सार्वभौम नियम है, जिनका पालन सम्पूर्ण सृष्टि को सुचारु रूप से चलाता है।

जब-जब समाज तथा व्यक्ति के जीवन से मानवीय मूल्य लुप्त होते है, तब-तब समाज में सर्वत्र आपाधापी, छीना, झपटी, चोरी, ठगी, रिश्वतखोरी आदि आर्थिक अपराधों के साथ रोड-रेज, स्त्रियों का उत्पीड़न यौनापराध इत्यादि बढ़ जाते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती हैं, क्योंकि शत्रु से धन पाने के लोभ में लालची आफिसर देश की सुरक्षा से भी खिलवाड़ करने लगते हैं। इसीलिए महाभारत में पवित्र आचरण की प्रशंसा करते हुए कहा गया है कि राष्ट्र भी धर्मपालन से ही सुरक्षित रहता है।[3]

मानवीय मूल्यों के पालन में शिथिलता के मुख्य रूप से दो कारण है-राग व द्वेष। इन दोनों की अभिव्यक्ति काम-क्रोध, लोभ-मोह, मद, मात्सर्य से व्याप्त क्रियाकलापों से होती है। श्रीमद्भगवद्गीता में आसुरी सम्पद् के वर्णन में इस मनस्थिति का विस्तृत मनोवैज्ञानिक वर्णन है।[4] इसका सारांश है कि आसुरी वृत्ति के मनुष्य, उचित, अनुचित का विचार न करते हुए अधिक से अधिक, धनोपार्जन, इन्द्रियविषयों का उपयोग तथा अपना वर्चस्व कायम करने में लगे रहते हैं।

---

1. श्रूयतां धर्म सर्वस्वं, श्रुत्वा चानुवर्त्यताम्।
   आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।। पद्मपुराण, सृष्टि 19.357-358
2. बहुद्वारस्य धर्मस्य नेहास्ति विफला क्रिया। शान्ति. 174.2
3. अष्टांगे राजशार्दूल राज्ये धर्मपुरस्कृते।
   तत्तु शक्यं महाराज रक्षितुम् पाण्डुनन्दन।
   राज्यं धर्मेण कौन्तेय, विद्धानसि निबोध तत्।। -महाभारत आश्रमवासिक पर्व-5.8-9
4. द्रष्टव्य श्रीमद्भगवद्गीता 16 अध्याय 4-24

मनुस्मृति में धर्म के लक्षणों का उल्लेख करते हुए अधर्म के भी 10 लक्षण बताये हैं।[1] तीन मानसिक अधर्म है-पराये द्रव्य का ध्यान करना, मन से किसी का अनिष्ट चिन्तन करना तथा असत्य बातों में भाग लेना।

चार वाचिक अधर्म है-कटुभाषण, मिथ्याभाषण, चालाकी से बोलना (चुगली अथवा चापलूसी हेतु) तथा सम्बन्ध न होने पर भी प्रलाप अर्थात् किसी पर मिथ्या दोषारोपण करना।

तीन शारीरिक अधर्म है-किसी व्यक्ति की वस्तु स्वयं ही उठा लेना, निर्दोषों की हिंसा, तथा परस्त्री सेवन। आचार संहिता के अनुसार ये सभी कार्य मानवीय मूल्यों के अभाव में ही किए जाते हैं। इन कार्यों से समाज में अराजकता फैलती है।

अतः शास्त्रों में सदाचार संहिता के पालन को परम कल्याणकारी कहा गया है। अन्यथा तो जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली परिस्थिति बन जाती है। आश्चर्य की बात है कि सभी लोग मानवमूल्यों का पालन चाहते हैं परन्तु स्वयं शुरूआत न करके, वे दूसरों को उपदेश देकर उनसे सन्मार्ग पर चलने की इच्छा करते हैं। जब खुद कहीं मुसीबत में पड़ जायें तो आदर्श आचार संहिता नहीं यथाकथित अपनी स्वार्थ पूर्ति ही लक्ष्य होता है। महाभारत में कहा है[2]-जब स्वयं पर विपत्ति आये, तो लोग धर्म की दुहाई देते हैं, पर जब वे उच्च पदों पर आसीन होते हैं, तो उन्हें परलोक का द्वार बन्द दिखाई देता है।

मूल्यपरक जीवन शैली का, मनुष्य के सम्पूर्ण क्रियाकलापों, व्यक्तित्व तथा शरीर व मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। धर्म का मार्ग कठिन परन्तु श्रेयस्कर है। अधर्म का मार्ग सरल, छोटा, प्रारम्भ में सुखद परन्तु अन्त में दुःखदायी होता है। सज्जन, ईमानदार तथा सत्यभाषी व्यक्ति को समाज में आदर की दृष्टि से देखा जाता है। उसका मन शान्त, बुद्धि कुशाग्र तथा शरीर स्वस्थ होता है। हमारी

---

1. परद्रव्येष्वभिध्यानं मनसानिष्टचिन्तनम्।
   वितथाभिनिवेशश्च त्रिविधं कर्म मानसम्।।
   पाररुष्यमनृतं चैव पैशुन्यं चापि सर्वशः।
   असम्बद्धप्रलापश्च वाङ्मयं स्यात्चतुविधिम्।।
   अदत्तानामुपादानं हिंसा चैवाविधानतः।
   प्ररदारोपसेवा च शारीरं त्रिविधं स्मृतम्।। -मनुस्मृति 12.5-7
2. सर्वो विमृशतो जन्तुः कृच्छ्रस्थो धर्म दर्शनम्।
   पदस्थः विहितं द्वारं परलोकस्य पश्यति।। -महा. शल्यपर्व 32.59

भावनाओं का रोगों से गहरा सम्बन्ध है। चरक संहिता में[1] ईर्ष्या, शोक, भय, क्रोध, मान, द्वेष आदि भावों को मनोविकार माना गया है तथा ये गलतफहमी से उत्पन्न होते हैं। महाभारत युद्ध के पूर्व धृतराष्ट्र विदुर से पूछते हैं कि मनुष्य की आयु 100 वर्ष कही गई है, तो वह पूरा जीवन जीये बिना ही क्यों मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। विदुर उत्तर देते हैं-मनुष्य को मृत्यु नहीं मारती, बल्कि उसका अभिमान, वाचालता, क्रोध, अपनी बात जबरदस्ती मनवाना, तथा मित्र से द्रोह रूपी छः तीखी तलवारें ही उसका जीवन काटती हैं।[2] पी.जी.आई. चण्डीगढ़ के डाक्टरों के शोध का परिणाम भी कहता है कि बेईमान लोगों को तनाव, हार्टअटैक, और कैन्सर अधिक होता है। यह समाचार हिन्दुस्तान दैनिक में 13 दिसम्बर 2001 अंक में इस प्रकार छपा "पड़ोगे बीमार, गर किया भ्रष्टाचार"। डॉ. जैफ्री ट्रेस्टर नामक चीनी विद्वान् भी अनेक शोधों के बाद इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि भावनाओं का रोगों से सम्बन्ध होता है। पारम्परिक चाइनीज़ मेडिसिन का भी यही मत है। तदनुसार हर्ष, क्रोध, चिन्ता, दुःख अत्यधिक सोच विचार, भय तथा आकस्मिक किसी घटना से उत्पन्न असीम भय (Joy, Anger, Anxiety, Grief, Pensiveness, Fear, Fright) - ये सातों भाव हमारे शरीर के आन्तरिक अंगों को हानि पहुँचाकर अनेक रोग उत्पन्न करते हैं।[3]

1. हर्ष - असीम आकस्मिक हर्ष, हृदय पर प्रभाव डालता है। अनिद्रा, धड़कन बढ़ना, ज्वर, हृदय रोग भी इससे उत्पन्न होते हैं।
2. क्रोध - क्रोध का सम्बन्ध लिवर तथा गाल ब्लेडर से है (यकृत व पित्ताशय से है) इससे सिरदर्द, उच्च रक्त चाप, एसिडिटी होती है।
3. चिन्ता - अधिक चिन्ता से फेफड़ों से सम्बन्धित रोग होते हैं, जैसे साँस फूलना। इससे, 'बड़ी आँत' में सूजन भी आती है।

---

1. ईष्याशोकभयक्रोधमानद्वेषादयश्च ये।
   मनोविकारास्तेऽप्युक्ताः सर्वे प्रज्ञापराधजाः।। -चरकसंहिता सूत्रस्थानम् 7.51
2. शतायुरुक्तः पुरुषः सर्ववेदेषु वै यदा।
   नाप्नोत्यथ च तत् सर्वमायुः केन हेतुना।।
   अतिमानोऽतिवादश्च तथा त्यागो नराधिप।
   क्रोधश्चात्मविधित्सा च मित्रद्रोहश्च तानि षट्।।
   एते एवासयस्तीक्ष्णाः कृन्तन्त्यायूंषि देहिनाम्।
   एतानि मानवान् घ्नन्ति न मृत्युर्भद्रमस्तु ते।। -महाभारत उद्योगपर्व 37.9-11
3. www.livestrong.com. Dr. Jeffrey Traister's artical on "Seven Emotions and organ pairs".

4. दु:ख – इससे भी फेफड़ों के रोग होते हैं तथा जिजीविषा समाप्त हो जाती है।

5. अति सोचविचार – इससे तिल्ली के रोग, आलस्य, थकान तथा एकाग्रता की कमी होती है।

6. भय – इससे गुर्दो का कार्य अवरुद्ध होता है तथा मूत्राशय व गुर्दों पर नियन्त्रण न होने के कारण, मूत्र पर नियन्त्रण नहीं रहता। डॉ. बी.एन. गुप्ता के अनुसार मलत्याग भी ठीक से नहीं होता।[1]

7. असीम भय – अचानक, अप्रत्याशित हुई किसी बात से बेहद डर जाने से प्रारम्भ में हृदय रोग, तथा पुराना होने पर गुर्दों के रोग होते हैं।

आयुर्वेद कुपित हुए कफ, वात व पित्त को सभी रोगों का कारण मानता है। गोस्वामी तुलसी दास भी कहते हैं–

काम वात कफ लोभ अपारा।
क्रोध पित्त नित छाती जारा।

अर्थात् बढ़ी हुई कामनाओं से वात कुपित होता है, लोभ बढ़ने पर कफ, तथा क्रोध बढ़ने पर पित्त का प्रकोप होता है।

तात्पर्य यह है कि जब व्यक्ति मानवीय मूल्यों की अवहेलना करते हुए अधर्म में प्रवृत्त होता है, तो उसके मूल में तीन प्रवृत्तियाँ ही मुख्य होती हैं काम, क्रोध, लोभ। अतः इनको श्रीमद्भगवद्गीता में नरक का द्वार कहा है।[2]

स्वाभाविक रूप से बुद्धिजीवी वर्ग के मन में जिज्ञासा होती है कि नकारात्मक विचारों व भावनाओं से स्वास्थ्य क्यों बिगड़ता है। इस दृष्टि से चिन्तन व अनुसन्धान करने पर शास्त्रों से स्पष्टीकरण मिल जाता है।

सामान्य मनःस्थिति में श्वास नाक से शरीर में प्रवेश कर गुदा स्थान स्थित अपान वायु से टकराता है। प्राण अपान को ऊपर अपनी ओर खींचता है तथा अपान प्राण को अपनी ओर नीचे की तरफ खींचता है। प्राणापान के इस घर्षण में नाभिस्थित जठराग्नि/समानवायु इस वायु की टकराहट से अधिक प्रदीप्त होती

---

1. Psycho-Analysis - Dr. B.N. Gupta, Pub. Kurukshetra, Third Eye Foundation.
2. त्रिविध नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
   कामः क्रोध स्तथा लोभस्तमादेत् त्रयं त्यजेत्।।
   –श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 16.21

है, जिससे ग्रहण किया हुआ भोजन सुचारू रूप से पच जाता है।[1] खाये हुए भोजन से सातों धातुएँ पुष्ट होती हैं। गहरे श्वास के कारण शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा ठीक रहती है। रक्त में भी उचित मात्रा में ऑक्सीजन रहती है। ऐसा रक्त जिस जिस अंग में संचार करता है उसे पुष्ट व स्वस्थ बनाता है।

भोजन का निस्सार भाग मल मूत्र के रूप में आँतों तथा गुर्दों के द्वारा बाहर निकाल दिया जाता है।

परन्तु जब काम, क्रोध, ईर्ष्या, भय आदि का भाव प्रबल हो, तो सर्वप्रथम श्वास ही अनियन्त्रित हो जाती है। वह छाती तक ही रह जाती है, अपानवायु से नहीं मिल पाती। यहीं से रोगों का चक्रव्यूह प्रारम्भ हो जाता है। प्राणापान के घर्षण के अभाव में जठराग्नि मन्द पड़ जाती है, जैसे चूल्हे की आग में फूँक न मारें, तो वह मन्दी हो जाती है। फिर भोजन ठीक से नहीं पचता, सातों धातुएँ निर्बल रह जाती हैं। रक्त में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिससे सम्बन्धित अंग दुर्बल हो जाते हैं। भोजन का व्यर्थ भाग भी मलमूत्र के रूप में भली प्रकार बाहर नहीं निकल पाता। वह आँतों में सड़ता रहता है व अनेक रोग उत्पन्न करता है।

दुर्भावनाओं से हमारी ग्रन्थि तन्त्र भी क्षतिग्रस्त हो जाता है। सकारात्मक भावनाएँ व्यक्ति के शरीर तथा मन के स्वस्थ रखती हैं। ग्रन्थि तन्त्र भी सुचारू रूप से कार्य करता है।

व्यक्ति परिवार, समाज तथा राष्ट्र तक मानवीय मूल्यपरक जीवनशैली से स्वस्थ, शान्त, तेजस्वी व भ्रष्टाचार मुक्त बनता है। मानवीय मूल्यों के अभाव में विश्वबन्धुत्व, मानवतावाद, समताभाव, मानवाधिकार, प्रेम, त्याग, विश्वशान्ति, अन्तरराष्ट्रिय सहयोग तथा मैत्री की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज विश्वमानव विश्वयुद्ध की आशंका से भयग्रस्त है। इस विभीषिका से मानवीय मूल्यों का आचरण ही मानव की रक्षा कर सकता है।

✦✦✦

---

1. अपाने ऊर्ध्वगे याते, सम्प्राप्ते वह्निमंडले।
ततोऽनलशित्वा दीर्घा वर्धते वायुना हता।।
ततो यातौ वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम्।
तेनात्यन्तप्रदीप्तेन ज्वलनो देहजस्तथा। –योगकुण्डल्युपनिषद् 1.43–44

संस्कृत-विमर्शः 2017 (अङ्कः-12) ISSN : 0975-1769

वैदिक साहित्य में विहित पर्यावरण संरक्षण की परिकल्पना-वर्तमान संदर्भ में

अजय कुमार

शोधच्छात्र-गंगानाथ झा परिसर इलाहाबाद

'परितः आवरणम् इति पर्यावरणम्'

पर्यावरण शब्द परि तथा आ उपसर्गपूर्वक 'वृ' धातु से ल्युट लगने से व्युत्पन्न हुआ है। जिसका अर्थ है-'चारो ओर का आवरण या आच्छादन' तो इस प्रकार हम कह सकते हैं कि वह वस्तु जो हमें चारों ओर से घेरती है हम पर सीधा प्रभाव डालती है, पर्यावरण कहलाती है। 'पर्यावरण' शब्द फ्रेञ्च भाषा के 'इन्वारोरेन' से बना है, जिसका अंग्रेजी रूपान्तरण 'द राउण्ड' है जिसका अर्थ है चतुर्दिक दिशाएँ अथवा चारों ओर की आवृत्ति या घेरा है। पर्यावरण की समस्या से मुक्ति पाने के लिये हमें वेद की शरण में जाना होगा। 'वेद' ईश्वरीय वाणी है एवं अक्षय ज्ञान के स्रोत हैं। जीवन से सम्बन्धित सभी पक्ष वैदिक संहिताओं में वर्णित है। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए वैदिक काल में लोग वैदिक रीति से यज्ञ-विधान से हवन करते थे। वैदिक ग्रन्थों के अनेक मंत्रों में पर्यावरणीय संचेतना के बीच परिलक्षित होते हैं। पर्यावरण सन्तुलन में वृक्षों का बहुत महत्त्व है। सृष्टि की सर्वोत्तम कृति, मानव है। मानव पृथ्वी का भूषण है। पृथ्वी ने मानव को सजाया है। आज मानव अपनी भौतिक सुख-सुविधाओं के लिये वृक्षों की कटान कर रहा है। वृक्षों को प्राचीन वैदिक साहित्य में पुत्रों से भी बढ़कर माना गया है। तुलसी, पीपल, बरगद आदि वृक्षों को पवित्र माना गया है, जिसके माध्यम से हमारी संस्कृति पल्लवित और पुष्पित होती है। स्वार्थी मानव अन्धाधुन्ध वृक्षों एवं वनों की कटाई कर रहा है। काटे गये वृक्ष के स्थान पर अन्य वृक्ष नहीं लगाये जा रहे हैं। वनस्पतियों, वृक्षों, वनों की हमें रक्षा करनी चाहिये। वृक्ष कार्बन-डाईआक्साइड के रूप में विषपान करते हैं और आक्सीजन के रूप में जीवनदान करते हैं। यदि संतुलन बिगड़ गया तो मानव शुद्ध वायु को प्राप्त नहीं कर सकेगा। विकासशील मानव ने प्रकृति की निःशुल्क निधि वसुन्धरा का मनमाना दोहन शुरू किया। विस्तृत निर्मल नीर संकुचित और दूषित होने लगा। लहलहाती वनस्पतियों से भरा धरातल वीरान होने लगा। वन्य जीवों का आबाद

आवास उजाड़ कर मानव अपनी अट्टालिकाएं बनाने लगा। तन-मन को प्रफुल्लित करने वाली स्वच्छ वायु विषैली लगने लगी। कृषि, उद्योग, व्यापार, चिकित्सा, यातायात, राजनीति आदि नाना क्षेत्रों में विकास की अन्धाधुन्ध दौड़ से ऐसी गर्दगुबार उठने लगी जिसने जल, थल एवं नभ की सहजता को नष्ट करने के साथ ही मानवीय विचारों को मानवीय विचार नहीं रहने दिया। प्रत्येक वस्तु की सहजता का हनन, स्वच्छता में गन्दगी को हम दोष कह सकते हैं। यह सब विशेष ढ़ं से हुआ अतः इसे प्रदूषण कहा गया है। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण एक गम्भीर समस्या है। पर्यावरण एवं प्रदूषण काया-छाया की भांति हुए हैं। आज हम स्वच्छ वायु के लिए परेशान हैं, स्वच्छ जल के लिए तरस रहे हैं। शान्त स्थान के लिए व्यग्र हैं। वेदों में वृक्षों की स्तुति करते हुए प्रार्थना की गयी है कि वे हमारी रक्षा करें, हमें वरदान दें-

या ते रूद्र शिवा तनूः शिवा विश्वहा भेषजी।
शिवा रुतस्य भेषजी तया नो मृड जीवसे॥[1]

पौधे पृथ्वी की रक्षा करते हैं। हरियाली धरा का शृंगार है। हरी-भरी वृक्ष वनस्पतियों से युक्त भूमि को सुखदायिनी बताते हुए स्वागत योग्य बताया गया है-

यस्यां वृक्षा वानस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति विश्वहाः।
पृथिवी विश्वधायसं घृतामच्छावदामसि॥[2]

पृथिवी को वेदों में ईश्वर का स्वरूप माना गया है। भूमि की रक्षा पूजा का एक अविभाज्य अंग था। अथर्ववेद के भूमिसूक्त में यह उपदेश दिया गया है कि अपनी मातृभूमि के प्रति मनुष्यों में श्रद्धा का भाव होना चाहिये। वहाँ भूमि को माता समझने एवं उसके प्रति नमस्कार करने का स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया गया है-सा नो भूमिर्विसृजतां माता पुत्राय में पयः।[3] अर्थात् पृथिवी माता मुझे पुत्र के लिये दुग्ध आदि पुष्टिकारक पदार्थ प्रदान करें। नाना प्रकार के फल, औषधियाँ, फसलें, पेड़-पौधे इसी भूमि पर उत्पन्न होते हैं। पृथिवी सभी वनस्पतियों की माता एवं मेघ पिता है, क्योंकि वर्षा के रूप में पानी बहाकर मेघ पृथिवी का गर्भाधान करता है। अतः वर्षा से स्नेह रखने वाली मेघ से पालन की गयी उस भूमि को हमारा नमस्कार होवे।[4] भूमि का प्रदूषण से बचाव करके

---

1. यजुर्वेद 16/49
2. अथर्ववेद 12/1/27
3. अथर्ववेद 12/1/10
4. अथर्ववेद 12/1/42

पर्यावरण की रक्षा करना पूजा का एक अविभाज्य अंग था, जैसा कि कहा गया है-

यस्य भूमिः प्रभाऽन्तरिक्षमुतोदरम्।
दिवं यश्चक्रे मूर्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मण नमः॥[1]

अथर्ववेद में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि जो औषधियाँ एवं वनस्पतियों को मारकर पृथिवी को सताता है, उन्हें पृथिवी हिला देती है, पीड़ित करती है एवं नष्ट कर देती है-

ये ग्रामाः यदरण्यं या सभा अधि भूम्याम्।
ये संग्रामाः समितय्स्तेषु चारु वदेम ते॥[2]

आज जल भी प्रदूषण से अछूता नहीं है। भागीरथी गंगा का जल भी प्रदूषित हो चुका है। जल ही जीवन है। यदि हम प्रदूषित जल का सेवन करेंगे तो हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रदूषित जल अनेक रोगों का मूल कारण है। कारखानों से निकलने वाला रसायन जल प्रदूषण का मूल कारण है- अप्स्वन्तरमृतमप्सुभेषजम्।[3] वेदों में घर के समीप शुद्ध जलाशय को आवश्यक बताया गया है क्योंकि शुद्ध जल मनुष्य को दीर्घ आयु प्रदान करने वाला, प्राणों का रक्षक एवं कल्याणकारी है। इस प्रकार शुद्ध जल के बिना जीवन अधूरा है। वैदिक ऋचाओं में जल संरक्षण की संचेतना दिखायी देती है। जल शुद्धि के साथ ही साथ वायु की शुद्धि भी जीवन के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। अतः वायु भी शुद्ध रूप से प्रवाहित होकर हमें रागरहित बनाये। श्वास लेने योग्य शुद्ध वायु समस्त रोगों से हमारी रक्षा करे एवं औषधियाँ प्रवाहित करके हमारे समीप लाये-

आ वात वाहि भेषजं हि वात वाहि यद्भूपः।
त्वं हि विश्वभेषजं देवानां दूत ईयसे॥

त्रायन्तमिमं देवास्त्रायन्ता मरुता गणाः।
त्रायन्तां विश्वा भूतानि यथायमरण असत्॥[4]

वायुमण्ड शुद्धिकरण हेतु 'यज्ञ' को वेदों में सर्वश्रेष्ठ साधन बताया गया है। यज्ञ में 'हवि' के रूप में डाले गये पदार्थ अग्नि में जलकर सूक्ष्म रूप में परिणत हो वायुमण्डल में प्रदूषण को नष्ट करते है। यज्ञीय अग्नि के द्वारा वायु,

---

1. अथर्ववेद 10/7/32
2. अथर्ववेद 12/1/97
3. अथर्ववेद 1/4/4
4. अथर्ववेद 4/13/3-4

जल, पृथिवी आदि का प्रदूषण नष्ट हो जाता है। वैदिक साहित्य में यज्ञीय द्रव्यों से वातावरण को संभूषित करने वाला पुरुष पीड़ा से दूर रहकर शक्तिवान होकर पाप कर्मों से विमुख रहता है-

व्यार्त्या पवमानो वि शक्रः पाप त्यया।
व्यहं सर्वेण पाप्मना वि यक्ष्मेणसमायुषा।।[1]

पृथ्वीसूक्त में अथर्ववेद में ऋषियों ने कहा है कि 'हे धरती माँ! जो कुछ भी तुझसे लूँगा, वह उतना ही होगा जिसे तू पुनः पैदा कर सके। तेरे मर्मस्थल पर या तेरी जीवन शक्ति पर कभी आघात नहीं करूँगा। 'ऋग्वेद में कहा गया है कि हमारी दैवीय नदियाँ हमारी रक्षा के लिए दयामय बनी रहें, वह हमें पीने के लिए जल प्रदान करती रहें और हम पर आनन्द और खुशियाँ बरसाती रहें। हमारी बहुमूल्य निधियों और मानव की भी विधाता, हे नदियाँ! हम तुम्हारे जल के, अरोग्यकर जल के आकाँक्षी हैं। ऋग्वेद के ऋषि केवल पंच भूतों के माहात्म्य से ही अवगत नहीं थे, अपितु वे औषधियों तथा पादपों के गुणों से भी पूर्णतः अभिज्ञ थे। एक मंत्र में ऋषि औषधियों से फूलों एवं फलों से लदे रहने की कामना करता है-

औषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवती प्रसूवरीः।
अश्वः इव सजित्वरीर्वीरुधः पारमिष्णवः।।[2]

ऋग्वेद के अरण्यानीसूक्त '10-16' में ऋषि देवमुनि ने अरण्यानी को वन की देवी के रूप में चित्रित किया है। उन्होंने छह मंत्रों में 'अरण्यानी' की स्तुति की है। इन मंत्रों में ऋषि के पर्यावरण के प्रति उत्कृष्ट मनोभावों को देखा जा सकता है। वह घोषित करता है, जब तक कोई अन्य 'अरण्यानी' पर आक्रमण कर उसे हानि नहीं पहुँचाता है तब तक वह भी किसी को कष्ट नहीं पहुँचाती है-

न वा अरण्यानिर्हन्त्यन्यश्चेन्नाभिगच्छति।
स्वादोः फलस्य जग्ध्वाय यथाकामं निपद्यते।।[3]

यजुर्वेद में 'वृक्षाणां पतये नमः' कहकर वृक्षों की रक्षा करने वालों के प्रति सत्कार प्रदर्शित किया गया है। आयुर्वेद में रोग निवारण के लिए प्रयोग में आने वाली वनस्पति कब, कैसे, किसके द्वारा उखाड़ी जाय, जिससे कोई अयोग्य पुरूष

---

1. अथर्ववेद 3/31/2
2. ऋग्वेद 10/97/2
3. ऋग्वेद 10/146/5

उस वनस्पति का वंश नष्ट न कर दे। ऋग्वेद का 'अरण्यानी' सूक्त वनों की रक्षा के लिए प्रेरणादायक है। जिस संस्कृति के मानने वालों की आयु का 3/4 भाग वन में ही व्यतीत होता हो जहां आज भी पीपल, बरगद, बेल और तुलसी जैसे वृक्षों का इस देश में पूजन होता हो, उससे अधिक वनों के महत्व को कौन जान सकता है? वृक्ष, वनस्पतियों को पृथ्वी की लोम राशि कहा गया है। वृक्षों में सबसे अधिक प्राण-वायु पीपल का वृक्ष देता है। इसलिए हमारे वेदों में पीपल वृक्ष की पूजा की जाती है और इसको काटना घोर अपराध बताया गया है। उन्हें जीवन की अनिवार्य आवश्यकताओं के लिए प्रयुक्त तो किया जा सकता है किन्तु भोग, विलास, वैभव प्रदर्शन के लिए काटना पाप है। इससे पर्यावरण बिगड़ता है और संतति पर संकट आते हैं। प्रकृति का सौंदर्य बिगाड़ने का प्रयास पाप कर्म है। प्राकृतिक सम्पदा का उपयोग हो, उपभोग कदापि न हो। जो देता है वही देवता है इसलिए वह पूज्य भी है और संरक्षणीय भी। वैदिक मंत्र हमारी मानसिकता बताते हैं कि नदियाँ देवी रूपा हैं, वृक्ष देवता हैं, पहाड़ देवता हैं, उनका निर्मल तन्मात्र स्वरूप श्रेयस्कर है। वैदिक अनुष्ठानों में पदार्थों की शुद्धता पर विशेष बल दिया गया है। क्योंकि शुद्धता नत्रलन चक्र एवं पर्जन्य चक्र को निर्मित करती है और इन्हीं से सृष्टि का अस्तित्व बना हुआ है। ऋग्वेद के एक मंत्र में इसी भाव को इंगित करते हुए जल देवियों के शोधिका, सदा गमनशील, दिव्य, पवित्र रूप का उल्लेख है-

या आपो दिव्या उत वा स्त्रवन्ति
खनित्रिमा उत वा याः स्वयन्जा।
समुद्रार्था या शुचयः पावकास्ता
आपो देवीरिहमामुवन्त॥[1]

यहाँ ऋषि को मानव मात्र के रोगमुक्त, जीवन के प्रति उतनी ही चिन्ता है जितनी कि प्रकृति के प्रति मैत्री और अहिंसक भाव की। वन में मृग भी है और सिंह भी। सम्पूर्ण वैदिक साहित्य मानो प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से यही रेखांकित करता सा प्रतीत होता है कि जीवों का वनों में निर्भय विचरण ही जीवन है-

मा त्वा श्येन उद्वधीन्मा सुपर्णो मा त्वा विददिषुमान्वीरो अस्ता।
पित्र्यामनु प्रदिशं कनिक्रदत्सुमंगलों मद्रवाही वदेह॥[2]

---

1. ऋ.सं. 3 मं. 7 सू. 101-5932
2. ऋ.सं. 1 मं. 2 सू. 42-2431.2

पर्यावरण संतुलन के मूल में जीव वनस्पति आदि के सह अस्तित्व का भाव है। प्रकृति का दिव्य संतुलन भी इसी आधार पर निर्भर है। शाश्वत एवं सर्वोपरि प्रथम नियमों का विवरण जो दैवी नियमों की मर्यादा में बंधे हैं, स्थिर पर्वत कभी झुकते नहीं, द्रोह रहित द्यावा-पृथ्वी भी उनका उल्लंघन नहीं करते ऐसा उल्लेख भी वेदों में मिलता है। इस मंत्र में बुद्धिमानों से अपेक्षा की गयी है कि वे प्रकृतिगत दैवी नियमों में रहे अर्थात् प्रकृति के दिव्य संतुलन को न बिगाड़े-

न ता मिनन्ति मायिनो न धीरा व्रता देवानां प्रथमा ध्रुवाणि।
न रोदसी अदुहा वेद्याभिर्न पर्वता निनमे तस्थिवांसः।।[1]

ऋग्वेद में वर्णन आया है कि ऋतुगणों ने पृथ्वी और आकाश के बीच सुरक्षा कवच के रूप में आयन मण्डल का निर्माण करने के साथ ही कवचों का निर्माण किया। ये सुरक्षा कवच वे हैं, जिन्हें आज का विज्ञान ओजोन पर्त के रूप में जान पाया है। जो सूर्य से आती पराबैगनी किरणों को परावर्तित और निष्प्रभावी बनाने का कार्य करती है। हमारे प्रगतिशील वैज्ञानिक जिस खतरे को ओजोन क्षय के रूप में 70 दशक में जान पाये उसका पूर्वाभास हमारे वेदज्ञ मनीषियों को युगों पूर्व हो चुका था। प्रकृति में देवों से प्रेरित यह अन्तरिक्ष कवच आकाश के अवांक्षनीय प्रवाहों से भूमण्डल की रक्षा करता है। यह मंत्रों से पुष्ट होता है। अथर्ववेद में मिलता है कि यज्ञ से यह कवच पुष्ट हो सकता है यह विस्तृत देवी स्वरूपा पृथ्वी शुभ संकल्पों से युक्त होकर चर्म रूपी ढाल धारण करें। जिससे हम पुण्य प्राप्त करें।

एक ओर जहाँ अप्पाशास्त्री जी जैसे गरम रूख़ के कवि स्वतंत्रता संग्राम में बौद्धिक चिंगारी इक्ट्ठा कर रहे थे वहीं दूसरी ओर गांधीवादी विचारधारा के समर्थक कर्णवीर नागेश्वर राव ने भी खादी को विषय बनाकर श्रीः (*पौष 1941 ई.*) नामक पत्रिका में कविता लिखी। *मुद्गलदूत* (म.म. रामावतार शर्मा) में भी राष्ट्रहित की बात न सोचने वाले नेता को जम कर कोसा गया है–*व्यर्थं क्षिप्त्वा भरतवसुधाद्रव्यकोटिः स कीटो/देशप्रेमोल्बण भणितिथिर्नाशयामास विद्यां।* (*अर्वाचीन संस्कृतम्* 15 जनवरी 1997)। जिस तरह आर. क्रिप्लिंग ने अपनी कविता में नस्लवादी पूर्वाग्रह, साम्राज्यवाद, सैन्यवाद तथा राजसी आडम्बर के खिलाफ आवाज उठाया। उसी प्रकार वामनराव जोशी पुराणिक ने भी स्वदेशहितचिन्तनम् (*मित्र गोष्ठी* 1906 ई.) के जरिए उठाया। *भारतीयमितिवृत्तम्* (म.म. रामावतार शर्मा) में भी आचार्य द्विवेदी के हिसाब से आधुनिकता का बोध है। रामशंकर अवस्थी ने जालियावाला बागकांड (*आहुतिः स्वातन्त्र्ययज्ञे* 1999 ई.) का वर्णन करते लिखा है कि वहाँ इतना रक्तपात हुआ था कि वहाँ की माटी खून में सन गयी थी–***गुलिकाः बुभुजिरेऽगणितनरा/रूधिरमज्जितासीत् धरा।*** प्रस्तुत संग्रह में ही ओडायर वध कांड, सुभाष चंद तथा गांधी जी के बलिदान भी पठनीय हैं। कवि अवस्थी ने लिखा है कि नेताजी के अदम्य उत्साह को देखकर हिटलर भी भौंचक रह गया था–***हिटलरश्चकितोऽभवद् दृष्ट्वा रणोत्साहं।।5।।*** *आजाद चंद्रशेखर'* (2002 कविरत्न कृष्ण सेमवाल) 'कुँवर सिंह उवाच' (2003 रामकरण शर्मा) तथा *वीराग्रणीः भगत सिंह* (2003 ओम प्रकाश ठाकुर) भी ध्यातव्य है। ***भागीरथीदर्शन*** (1998 ई. गोस्वामी बलभद्र प्रसाद शास्त्री) तथा ***भाति मे भारतम्*** (2003 ई. रमाकांत शुक्ल) भगत सिंह तथा सुभाषचंद बोस सदृश अनेक सपूतों की शहादत को नमन करती है। ***लेनिनशतकम्, भारत भवनम्*** (दोनों नागार्जुन) तथा ***लेनिनामृतम्*** (पद्म शास्त्री) सामाजिक चेतना तथा भारतीय जनमानस के मनोव्यथा को उजागृत करती है। ***शकटारकाव्यम्*** (रेवा प्रसाद द्विवेदी) तथा ***तैलावलिः प्लवमाना*** (रामकरण शर्मा) क्रमशः नेल्सन मंडेला के कारा जीवन से लेकर उनके मुक्ति पर्यन्त की घटना तथा खाड़ी युद्ध के दौरान समुद्र में फैले तेल के बलबूते पर की गयी घातक राजनीति का हवाला प्रस्तुत करती है। परमाणु युद्ध की विभीषिका का अंकन श्रीनिवास रथ की कविता *शान्तिवाचनम्* में भी पढ़ी जा सकती है। ***प्रणम्याः कारगीलवीराः*** (कारगिल विशेषांक, दूर्वा) भी बड़ा हृदयस्पर्शी है। कवि बनवाली विश्वाल की कविता (*कारगिल संघर्षः* 1993) में

भी हिन्दुस्तान-पाकिस्तान के युद्ध में शहीद सिपाहियों की लाश को देखकर आसमान में गिद्धों का जमावड़ा वास्तव में मन को बड़ा व्यथित करता है- ***हिमेऽपि ज्वलन्ति चिताः/शहीदानामुभय देशस्य/धूमोपरि नभस्युड्डीयन्ते/गृध्राः इत स्ततः।*** *कार्गिल विजय* (2003 शशिनाथ झा) में भी पाकिस्तान की भर्त्सना की गयी है। कवि मानता है कि बंगला देश के बनते ही पाकिस्तान ने कश्मीर पर अपना निशाना साधना शुरू कर दिया है-*काश्मीरं हि पृथक्कृत्य ग्रहीतुं प्रति वाञ्छति।।4।।* कपिल देव पाण्डेय तो हिन्दुस्तान की ज़मीन सुई के नोंक के बराबर भी दुश्मन के हाथों जाने देने को तैयार नहीं हैं-***सोढुं न शक्यो निजराष्ट्रभूमेः/सूच्यग्रभागेऽपि पराधिकारः।।6।।*** (2003 नमांसि कार्गिलाद्याहवे हुतात्मभ्यः)। *भारतमाता ब्रूते* (2003 हरिनारायण दीक्षित) कश्मीर की घाटी में गोली के खौफनाक आवाज और असह्य गरीबी तथा उत्पीड़न का अंकन करती है-*शुभं न शंसन्ति भुशुण्डि शब्दाः।* कश्मीर घाटीषु निशम्यमानाः। ***संसदभवनो पर्यातंकवादाक्रमण*** (हरिश्चन्द्र रेणापुरकर) *नरमेधः* (मधुसूदन पेन्ना) *विधेर्होमो निषधानले* (रेवा प्रसाद द्विवेदी) तथा *मित्र हेऽमेरिका* (इच्छाराम द्विवेदी '*प्रणव*') में क्रमश भारतीय संसद तथा अमेरिका के पेंटागान पर आतंकवादी घटना की भर्त्सना की गयी है। अंतिम कविता आतंकवाद को फैलाने में अमेरिका को ही जिम्मेदार मानती है। दीपक घोष की कविता ***राजनीतिलीलामृतम्*** (1999 ई.) भी समसामयिक है।

संस्कृत भाषा की आधुनिक कविता पर अभिजात्यीय या दरबारी प्रभाव का आक्षेप भी नहीं लगया जा सकता। *अवस्करहरणम्* (1951 ई., *पद्य पुष्पाञ्जलि*, सुब्रह्मण्य अय्यर) में मल ढोने की प्रथा की निंदा की गयी है-*प्रविभ्राणाश्शुद्धिं प्रतिपदमयी येमलारा/नमस्कार्या नित्यां भुवि नरकविद्रावणचणाः।* रामकरण शर्मा ने तो *हालिके वन्दे* में जमींदारी व्यवस्था के हड़कम्प को भूखे प्यासे कमरतोड़ मेहनत में जुटे बैल पर छायें आतंक के माध्यम से प्रस्तुत किया है। हरिदत्त पालीवाल निर्भय ने भी नारी समाज की उपेक्षा तथा भूख से व्याकुल बच्चों की दशा पर अपनी लेखनी चलायी है-*कणहेतोः शिशवोऽतिदुःखिताः परिवृत्ता जगतः स्थितिर्नहि* (अमृतलता 2.2)। *जनतालहरी, रोटिकालहरी, अद्यापिलहरी, मृत्तिकालहरी* तथा *धरित्रीदर्शनलहरी* (सभी राधावल्लभ त्रिपाठी) में विविध विद्रोह के बिगुल सुने जा सकते हैं। *नगरे गृधा* (2000 ई.) में आचार्य राधावल्लभ जी ने घोर आतंक, शोषण, अन्याय तथा अशुभ विपदा का प्रतीक गिद्ध को प्रतीक बनाकर शहरी जीवन में व्याप्त लूट खसोट तथा भाव शून्यता को इंगित किया है-*नगरे गृधाः संख्यातीता स्वरैमिमे आहिण्डन्ते/ नगराद् बर्हिश्च गृधाः सन्ति विषण्णाः श्मशाने ते।* लब्धप्रतिष्ठ सुकवि अभिराज राजेन्द्र मिश्र भी इस बात को लेकर बड़े

चिंतित हैं कि मुल्क के कुछ लोग राष्ट्र की मुख्यधारा से भटक कर देशद्रोही प्रवृत्ति के हो गये हैं। ऐसी स्थिति में सिंधु नदी का खून की दरिया में तब्दील होना लाज़मी है–*केन सप्त सैन्धवं रक्तरंजितं कृतम्।* (कीदृशी स्वतंत्रता)। मिश्र जी ने ठीक ही लिखा है कि आज की मानवता धर्म, जाति तथा क्षेत्र आदि के नाम पर बँट गयी है तथा विघटनकारी ताकत ने इन मुद्दों को अपना हथकंडा बना लिया है। पढ़ा-लिखा समाज आज नेताओं के हाथों की कटपुतली हो गया है तथा मोर के महत्त्व को कुत्ता ने हथिया लिया है–*मनुजेषु महार्घो जननेता। सम्प्रति कुक्कुरः।।3।। (नमोनमः)।* इससे बढ़कर और क्या दुःख की बात हो सकती है कि हिन्दुस्तान रूपी बगीचा के हर शाख पर उल्लुओं का ही जमघट है–*उद्याने यस्मिन् सान्द्रतेरो/प्रतिशाख्यामुभूको वलगन्ते।।5।। (वही)।* कवि ने *वसंतसेना* नाम की लम्बी कविता में राम, कृष्ण, शिशुपाल तथा रावण के द्वारा नारी समाज के प्रति की गयी चूकों का अकंन किया है। सुकवि वेम्पटि कुटुम्ब शास्त्री की अप्रकाशित रचना *कुन्ती* (कवि सम्मेन 2004 दिल्ली) भी *कुन्ती* व्यथा का बड़ा यथार्थ शब्दांकन प्रस्तुत करती है। नारी व्यथा विषयक ये दोनों कविताएँ पाश्चात्य शैली की कविता *रेखा चित्र* मानी जा सकती है। लेकिन याद रहे मिश्र जी ने आज के तथाकथित नारी आन्दोलन पर कटाक्ष करने में कोई कोताही नहीं की है। पत्नी को इस आन्दोलन में जुटे रहने के कारण उनके पति को रसोईघर में ओवरटाईम भी करना पड़ता है–*पतयः पचन्ति किल महानसे/पत्न्यश्च समाजोद्धाररताः।।6।।* लेकिन *अपराजितवधू* (2000 पूर्णचंद शास्त्री) एक ऐसी ज्वलन्त नारी समस्या को उठाती है जिसमें पति अपनी पत्नी और बच्चे को निःसहाय छोड़कर किसी और औरत के साथ अपनी दुनिया बसा लेता है।

हर्षदेव माधव की कविता व्यवस्था की मरम्मत से अधिक उसके आमूल परिवर्तन में विश्वास करती है। यही कारण है कि उनकी कविताओं में भी राधावल्लभ त्रिपाठी की तरह ही विद्रोह के बड़े मारक स्वर सुने जा सकते हैं–*जयते गगने नूतनः सूर्यः, विनाशाद् रच्यते वसन्तसौन्दर्यम्/ध्वंसावशेषाद् आनीयते जीवनस्पन्दनम्/शुन्यात् सृज्यते नवं मानचित्रम् (मनसो नैमिषारण्यम्* 2003 ई.)।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की कविता *कथमहं नास्तिकः, कान्यकुब्ज-लीलामृतम्* तथा *सूर्यग्रहण* भी सामाजिक विषमता, जातिवाद, छद्म धार्मिकता तथा नारी समस्याओं को प्रस्तुत करती है। कान्यकुब्ज समाज की दहेज लोलुपता की पराकाष्ठा महाप्राण निराला की हिंदी कविता *सरोज स्मृति* में बड़े साफ शब्दों में पढ़ा जा सकता है। *जामाता दशमोग्रह* (2000 प्रफुल्ल कुमार मिश्र) में घर में आये दामाद से उत्पन्न विपन्न पारिवारिक स्थिति का अंकन है–*श्वसुरस्य कोषः*

शून्यः/श्वश्रु क्लान्ता महानसे/श्यालिश्यालौ सेवाक्लान्तौ/जामाता दशमो ग्रहः।।2।। श्री एस. सुंदरराजन को भी इसका बड़ा दुःख है कि दहेज प्रथा के कारण औरत अग्नि वेदी पर चढ़ा दी जाती है-*निषिच्य तैलमनिना तमाशु निर्दयं दह।।* (*संस्कृत मञ्जरी*, अक्टूबर 1993 मार्च 1994)। खेतिहर समाज के दुःख दर्द तथा नाना पीड़ाओं का मुआ़यना *तपस्विकृषीवलम्* (2000 हरिहर शर्मा आर्य) में बड़ा सजीव लगता है। गौरतलब है कि आज की संस्कृत कविताएँ श्रम महत्त्व पर भी लिखी जा रही है। इस मायने में *श्रमप्रशंसा* (1951 ई. *पद्यपुष्पाञ्जलि* सुब्रह्मण्य अय्यर) तथा *श्रमशीकर प्रतानैः* (2003 कपिल देव पाण्डेय) भी पठनीय है। *वेलेण्टाइन डे* जैसे नये बिम्ब को संस्कृत कविता में बड़े सजीव रूप से उतारने वाले कवि बनमाली विश्वाल ने भी *बालश्रमिकः* (1999 ई.) में बाल समस्या को उठाया है जिस मायने में संस्कृत कविता अभी थोड़ी पीछे लगती है-*बालश्रमिकार्थं वत/अद्यापि सुरक्षितं/मुष्ट्याघातं स्वार्थान्धस्य निर्ममस्य निर्दयस्वामिनः। समाजेऽस्मिन्।* त्रिपाठी भास्कराचार्य ने रिंगो हाइको पाश्चात्य शैली में जो प्राकृतिक सुषमा का चित्रण किया है वह भी पढ़ते ही बनता है-*अत्रत्याः पक्षिणः शिलीमुखनिकरा मृगाश्चरन्तः। पृष्टाः सन्तः क्षणं न किञ्चन जगदुः स्थिताः हसन्तः 3/9 (साकेत-सौरभम्)*।

संस्कृत कविता में नये बिम्ब/विषय के कवि हर्षदेव माधव ने भी जापानी हाइकु स्टाइल में संस्कृत की छोटी-छोटी कविताओं के जरिए समाज में व्याप्त बड़ी-बड़ी दुर्व्यवस्थाओं का अंकन किया है। मिसाल के तौर पर देश में कामचोरी व्यवस्था के विषय में पढ़ा जा सकता है-*आसन्दी रिक्ता कार्यालये/शरीरं रूग्णं राष्ट्रस्य।313। (2000 ई. ऋषेः श्रुब्धे चेतसि)*। ग़ालिब की कृति *दीवाने ग़ालिब* का जगन्नाथ पाठक ने बड़े बारीकी तथा सहजता से *ग़ालिब-काव्यम्* के नाम से संस्कृत पद्यानुवाद किया है। इसमें इहलौकिक मनुष्य/समाज/राजनीति/आपसी दावपेंच/व्यवस्थाओं के नाना विकृत आयामों के प्रति आक्रोश/चिंता/अफसोस के भाव अभिव्यक्त किया गया है-*राज्ञो घट्टं विलपति, शान्तिवनं वर्तते विषीददिव। शक्तिस्थलमनुताम्यति दर्शं दर्शं निज देशम्।* सत्यव्रत शास्त्री, रसिक बिहारी जोशी तथा कृष्ण लाल सदृश अनेक कवियों ने भी उत्कृष्ट रचनाएँ की है। पाठक जी की संस्कृत ग़ज़ल *गुच्छ कपिशायिनि* जैसी कालजयी रचना के विषय में क्या कहना? बच्चू लाल अवस्थी की ओजस्वी कविता संग्रह *प्रतानिनी* (1996 सं. अभिराज राजेन्द्र मिश्र) भी अनुपम है। भट्ट मथुरानाथ शास्त्री की चर्चा के बिना संस्कृत की आधुनिक कविता अधूरी सी लगती है जिन्होंने दोहा, सोरठा, घनाक्षरी, छप्पय तथा कबित्त को पहली बार संस्कृत कविता में इस्तेमाल किया। दार्शनिक अंदाज़ में छोटी-छोटी कविता का संग्रह 'नीरवझरः' (1999 ई. रवीन्द्र कुमार

पण्डा।) भी पठनीय हैं। वेंकट राघवन ने भी कई महत्त्वपूर्ण रचनाएँ लिखी हैं।

बोस जी, त्रिपाठी जी तथा यार्दी जी के आलेखों में संस्कृत कवयित्रियों का ज़िक्र न हो पाना भी कोई कम आश्चर्य की बात नहीं है। संस्कृत वाङ्मय में ऐसी लगभग पच्चीस कवयित्रियाँ हैं, जिनकी रचनाएँ समय के गर्त में कवलित हो गयी। इसके पीछे समाज का पितृसत्तात्मक होना या कोई और भी कारण हो सकता है। लेकिन इन लेखिकाओं का महत्त्व इससे भी है कि इनकी कृतियों का श्लोकांश या नाम संस्कृत दिग्गजों द्वारा अपने काव्य प्रसंग में उदाहृत किये गये हैं। इनमें सुभद्रा, मारूला, शीला, भट्टारिका, विज्जिका, इन्दुलेखा, फल्गुहस्तिनी तथा विकटनितम्बा आदि के नाम भी महत्त्व के लगते हैं।

आचार्य मम्मट ने शब्द विचार की चर्चा में विज्जिका (दूसरा नाम कार्णाटी विजया) के श्लोक को प्रस्तुत किया है। *सुभाषितावली* (वल्लभदेव) में सुभद्रा के एक श्लोक का उल्लेख है। राजशेखर ने भी इसकी बड़ प्रशंसा की है। इसी पुस्तक में फल्गुहस्तिनी के दो तथा मोरिका के चार पद्यों को भी संकलित किया गया है। धनददेव ने मरूला का उल्लेख सुशीला, विज्जा तथा मोरिका कवयित्रियों के साथ किया है।

अमर सिंह (उदय पुर का राजा) की पत्नी देवकुमारिका ने ***वैद्यनाथप्रसाद-प्रशस्ति*** काव्य लिखा है। यह काव्य साहित्य तथा इतिहास के बीच एक मज़बूत कड़ी लगती है। मधुरवाणी तंजौर नरेश रघुनाथ के राज्याश्रय में सुशोभित थीं। इन्होंने रामकथा के आधार पर काव्य लिखा है। लेकिन दुर्भाग्यवश इसके मात्र पंद्रह सौ पद्य ही प्राप्त होते हैं। इनके ही समकालीन रामभद्राम्बा ने *रघुनाथाभ्युदय* नामक काव्य में तंजौर के राजा रघुनाथ के चरित का बखान किया है। ऐतिहासिक दृष्टि से यह भी बड़े ही महत्त्व की कृति है।

तिरूमलाम्बा (विजय नगर) की कृति *वरदाम्बिकापरिणयचम्पू* राजा अच्युतदेव तथा रानी वरदाम्बिका के परिणय प्रसंग को गूँथती है। प्रस्तुत रचना विजय नगर साम्राज्य का सांस्कृतिक तथा राजनैतिक इतिहास का एक अच्छा दस्तावेज माना जा सकता है। गङ्गादेवी (14वीं शताब्दी) ने भी *मधुराविजयम्* (दूसरा नाम *वीरकम्परायचरितम्*) में विजय नगर के पराक्रमी शासक वुक्का के ऐश्वर्य तथा पराक्रम को आबद्ध किया है। इनमे पदों की कमनीयता की वजह से संगीतात्मकता भी सुनी जा सकती है। हमें यह भी याद रहे कि *वैदिक काल* में मैत्रेयी, गार्गी तथा लोपामुद्रा सदृश अनेक विदूषियों का भी पदार्पण हुआ जिन्होंने वैदिक ऋषियों के साथ सार्थक शास्त्रार्थ भी किया था।

संस्कृत भाषा के आधुनिक युग की कवयित्रियों में पण्डिता क्षमाराव,

नलिनी शुक्ला, पुष्पा दीक्षित, उमा देशपाण्डे, वेदकुमारी घई, मृदुला शर्मा, सावित्री देवी शर्मा, मिथिलेश कुमारी तथा प्रवेश सक्सेना आदि के नाम भी, चर्चा के लायक लगते हैं।

क्षमाराव ने अनेक काव्यों का सृजन किया जिनमें गांधी जी के व्यक्तित्व को लेकर रचित सत्याग्रहगीता, उत्तरसत्याग्रहगीता तथा उत्तरजयसत्याग्रहगीता बहुचर्चित है। पुष्पा दीक्षित की कविता गुच्छ *अग्निशिखा* की कुछ पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं-*इयमग्निशिखा ज्वलिता/सहसैव कथं हृदये/निशितैस्तव दृष्टिशरैः। सकलं शकली क्रियते/* वेदकुमारी घई ने *गांधिवर्यस्य स्वप्नस्तु पूर्णो भवेत* (*संस्कृत मञ्जरी*, अक्टूबर 1993, मार्च 1994) में हिन्दुस्तान में व्याप्त भाषिक, धार्मिक तथा अन्य समसामयिक सवालों को उठाया है। वास्तव में आज मंदिरों और मस्जिदों में स्वार्थ नंगा नाच हो रहा है-*धर्म स्थानेषु हिंसाग्नि र्दहयते शस्यश्यामला रक्त रञ्जिताः।* (वही)। मेहनतकश मजदूर किसान को दो जून की रोटी तक नहीं मिल पाती है। लड़कियाँ अपनी बुनियादी शिक्षा से वंचित हैं, महिलाएँ ठीक इलाज के अभाव में समय से पहले ही अपना दम तोड़ देती है। गरीबों को भी उचित दवा और रहने का ठौर-ठिकाना नहीं मिलता-*कृषक शिशुभिरूदरपूर्तिः प्राप्त च चेत्/श्रमिक बाला यदि शिक्षया वञ्चिता/जीर्ण-शीर्ण कुटीरे हि यदि रोगिणी/ग्राम्यवनिता चिकित्साविरहिता मृता* (वही)। मृदुला शर्मा इस तथ्य का जम कर वकालत करती हैं कि हिन्दुस्तान की माटी में पला-बढ़ा प्रत्येक आदमी भारतमाता का ही संतान है। किसी प्रकार का खून खराबा भारतमाता के साथ खून खराबा है-*नो हिन्दूरक्तमस्ति नो रक्त हि यावनम्/त्वं बुध्यसे कथन्न मानवीयमस्ति तत्।।* (*कस्य रक्तमेदमस्ति*, संस्कृत मञ्जरी अक्टूबर 1993 मार्च 1994)। 'राजते भारतम्' (वही सावित्री देवी शर्मा) में भारतीय संस्कृति के समन्वित स्वरूप का भावांकन किया गया है। *जयतु जयतु मम भारतदेश* (वही मिथिलेश कुमारी) में भारतीय तिरंगा को हमेशा लहराते रहने की कामना की गयी है। अर्चनम् (उमा देशपाण्डे) भी अच्छी कविता स्तवक हैं। प्रवेश सक्सेना की कविता *वन्दे वीरं मुक्तिनायकम् स्वतन्त्रतासेनानिनं श्रीनन्द किशोरनिगमम्* (2003 ई.) भी चर्चा के लायक लगती है।

यहाँ संस्कृत भाषा की स्वतंत्रता तथा स्वातन्त्रयोत्तर कालीन कविताओं और कवयित्रियों के विषय में यह साफ़ कर देना जायज़ होगा कि बोस जी यदि भारत की आज़ादी कालीन तथा अपने समकालीन संस्कृत की प्रतिनिधि कविताएँ तथा कुछ कवयित्रियों का मुआ़यना प्रस्तुत करते तो संस्कृत नगमों के विषय में उनकी कुछ ग़लतफ़हमियों का निदान खुद निकल सकता था। बोस जी की तरह ही त्रिपाठी जी भी कुछ चुनिंदे संस्कृत क्लासिकल रचनागुच्छ रूपी मधुमक्खी के

छत्ते पर भौरों की तरह मँडराते नज़र आते हैं। इस *होम रिक्नेस* से थोड़ा बचना होगा। अन्यथा हम अद्यतन संस्कृत सामग्रियों को *भारतीय समकालीन साहित्य* के सामने ठीक ढंग से परोस नहीं पाएँगे। संस्कृत कविता की आधुनिकता तो बोस जी के हिसाब से भास, भवभूति, कालिदास, बाणभट्ट तथा जयदेव आदि के रचना संसार में ही सिमट कर रह गयी है। बोस जी आज के आधुनिक युग से तकरीबन अर्धशती पीछे हैं। इसके लिये वे जिम्मेदार नहीं हैं। उनके आलेख के रचना काल (1957 ई.) तथा आज के बीच जो काल खंड का गैप है उस गैप की खाई को प्रस्तुत छोटे से आलेख से पाटने का भरसक प्रयास है। त्रिपाठी जी की पैनी कलम इसकी भरपाई और ठीक ढंग से कर सकती थी।

त्रिपाठी जी ने बोस जी के विषय में बांग्ला साहित्य की ओर अधिक झुके रहने की बात उठायी है। इस प्रसंग में यार्दी जी का कथन *एक तो हर एक भाषा की अपनी "देश-काल-परिस्थिति" होती है, इसके परिप्रेक्ष्य में ही अपने विचार व्यक्त करने की कोशिश होनी चाहिए (पृ. 160)* भी याद रखना चाहिए क्योंकि बोस जी का यह मूल लेख बांग्ला भाषा में ही लिखा गया है। अतः बांग्ला साहित्य पर इनका मँडराना जायज है। प्रस्तुत आलेख में संस्कृत कविता से जुड़ी जो बातें गले नहीं उतर पाती है। उनका जवाब देते हुए हमें बोस जी के विस्तृत ज्ञान तथा समीक्षा शैली से थोड़ी सीख भी लेनी चाहिए जिन्होंने संस्कृत कविता को पूर्वी-पश्चिमी ज्ञान के जरिए विविध चिंतनों का इन्द्रधनुषी जामा पहनाया है।

त्रिपाठी जी ने संस्कृत शब्दों की व्यावहारिक उपयोगिता तथा भाषा संरचना को लेकर बोस जी के आक्षेपों का जो खंडन किया वह बड़ा तार्किक तथा समीचीन है। इस मायने में यार्दी जी का भी जवाब बड़ा माक़ूल है। यह तथ्य भी साफ रहे कि संस्कृत भाषा अपनी सूत्रात्मकता तथा वैज्ञानिक संरचना की सटीकता के लिए आज संगणक वैज्ञानिकों हेतु देश-विदेश में गवेषणा का विषय बनी हुई है। लेकिन त्रिपाठी जी ने संस्कृत भाषा की संप्रेषणीयता की व्यापकता तथा स्वभाविकता के प्रसंग में *कादम्बरी* (बाणभट्ट) के विन्ध्याटवी के प्रभात वर्णन का जो गद्यांश प्रस्तुत किया है उसे सटीक नहीं माना जा सकता क्योंकि यहाछ विवेच्य विषय संस्कृत कविता है न कि साहित्य-गद्य। बाणभट्ट की शैली में सामासिक जटिलता तथा सन्धि का मज़बूत गाँठ सामान्य संस्कृत पाठक के मस्तिष्क के शिराओं और धमनियों पर दुरूहता का आघात भी करती रहती है। यह बात अलग है कि यार्दी जी के कथन *इसके उच्चारण से मस्तिष्क की चेतना को उत्तेजना मिलती है (पृ.163)* का महत्त्व है। लेकिन इसका प्रसंग प्रौढ़ पाठक समाज से अधिक है। इसका मतलब यह भी नहीं कि कादम्बरी जैसी भाषा वाली

कविताएँ कृत्रिम है जैसा कि बोस जी का मानना है। संस्कृत मात्र भाषा ही नहीं बल्कि संस्कृति भी है। अतः इसके अर्थ के मूल तक पहुँचने के लिए ज़रूरी है कि संस्कृति के विविध चिन्तनों, मान्यताओं और आस्थाओं के नजरिए से भी इसके अर्थ अन्वेषण का सार्थक प्रयास किया जाए। अन्यथा ज्ञान के गाम्भीर्य की कमी के कारण सरसरी तौर पर तो इनमें कृत्रिमता की ही भ्रांति होगी। संस्कृत कविता की दुरूहता भरी भाषा की कादम्बरी सदृश अनेक काव्य एक धारा हो सकती है। समागम नहीं। संस्कृत भाषा में ललित, सरल तथा सहज भाषा वाली रचनाओं की विपुलता है जो संस्कृत साहित्य के सभी कालखंडों में प्रचुरता से मिलती है। ऐसी ही स्थिति सामासिक जाल में गुँथे संस्कृत भाषा के साथ भी है।

त्रिपाठी जी ने प्रभात वर्णन (कादम्बरी) के मूल संस्कृत के क्रम में *चलित पल्लव-लता-लास्योपदेश-व्यसनिनि* (हिलते हुए पल्लवों से युक्त, लताओं के नृत्य के उपदेश में व्यसन वाली) तथा *कुसुमामोदतर्पितालि जाले* (फूलों के सौरभ से भौरों को तृप्त करने वाली) पदावली को न स्थान देने के पीछे कोई कारण नहीं दिया है जबकि प्रकृति के *मेनिफेशटेशन* की दृष्टि से ये अंश भी बड़े जीवंत दिखते हैं। इसका कारण यदि टंकण की चूक है तो यह बात अलग है। इसके मूल उद्धरण की तीसरी पंक्ति पर कोई विराम बोधक चिह्न नहीं होना चाहिए और पाँचवी पंक्ति के अंत में पूर्ण विराम की जगह अर्धविराम होना चाहिए।

त्रिपाठी जी अपने उम्दा आलेख में बोस जी के अधिकांश बातों से असहमति ही जताते नज़र आते हैं। लेकिन उन्होंने बोस जी के इस मत पर अपनी रजामंदी जतायी है कि *वैष्णव कवियों के पूर्व रोमांटिक मानसिकता ने जन्म नहीं लिया था.....।(पृ.20)*। ग़ौरतलब है कि पाश्चात्य जगत में रोमांटिक कवियों का समय 1757-1821 ई. के आस-पास ठहरता है जिनके प्रतिनिधि कवि विलियम ब्लैक, विलियम वर्डवर्थ, कोलडरिज़, बायरन, शैली तथा कीट्स है वहीं हिन्दी भाषा का छायावादी काल (रोमांटिक एज) बींसवी शताब्दी का पूवार्द्ध (1916-1936 ई.) है। इनमें सुमित्रानंदन पंत, रामवृक्ष बेनीपुरी, महादेवी वर्मा, महाप्राण निराला तथा जयशंकर प्रसाद के नाम भी उल्लेखनीय है। यहाँ वैष्णव काल की ऐतिहासिक तथा दार्शनिक चेतना से साफ है कि इस भक्ति आन्दोलन की धारा का उत्स स्थल 'भगवद्गीता' ही थी जिससे इसके कवि/संत निम्बार्काचार्य, रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य तथा वल्लभाचार्य आदि ने अपने आपको अनुप्राणित किया था। (सच्चिदानन्द भट्टाचार्य, *ए डिक्शनरी आफ इण्डियन हिस्ट्री*, 1967 ई.)। इन आचार्यों ने यज्ञ के स्थान पर अपने उपास्यदेव की भक्ति

के द्वारा मुक्ति प्राप्ति के लिये अधिक बल दिया और जात-पात को भी कोई जगह नहीं मिली। कालान्तर में यह *वैष्णव धर्म* ने देशी भाषाओं में साहित्य के विकास में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की जिसकी पुष्टि जयदेव, विद्यापति, चण्डीदास, मीराबाई, तुलसीदास, कृत्तिवास तथा शंकरदेव आदि की रचनाओं से भी होती है। *भगवद्गीता* के साक्ष्य के आधार पर यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि *वैष्णव धर्म* तथा *रोमांटिसिज़्म* के संदर्भ में बोस जी तथा त्रिपाठी जी हिन्दी कालीन छायावाद युग के विषय में ठीक ठहरते हैं। लेकिन संस्कृत कविता में तो यह धारा हजारों साल पहले प्रस्फुटित हो चुकी थी।

यह सत्य है कि अंग्रेजी भाषा के उद्भव एवं विकास की कहानी तमिल भाषा से भी काफी पीछे की है। इस मायने में संस्कृत भाषा की ऐतिहासिकता तथा सुदीर्घता के विषय में क्या कहना? लेकिन त्रिपाठी जी ने संस्कृत भाषा की आड़ में अंग्रेजी भाषा को बिल्कुल नकार दिया है जो जायज नहीं माना जा सकता है। इसमें कोई शक नहीं कि अंग्रेज़ी भाषा के पास अपना कोई ऐतिहासिक तथा भाषिक संरचना का चरित्र नहीं है। लेकिन इतना तो मानना ही पड़ेगा कि यह भाषा अपनी व्याकरणमूलक सरलता के कारण दुनिया की लगभग सारी भाषाओं पर अपना दबदबा बनाये रखा है। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विलियम जोन्स द्वारा जब *अभिज्ञानशाकुन्तलम्* (कालिदास) का सन् 1798 में अंग्रेज़ी अनुवाद किया तो कालिदास विश्व साहित्य पर छा गये। त्रिपाठी जी द्वारा अंग्रेज़ी साहित्य की सरलता की तुलना *पंचतंत्र, महाभाष्य, अर्थशास्त्र या पुराण* आदि की गद्यात्मक शैली से करना कितना उचित होगा वह तो अधिक सुधी लोग ही बता पाएँगे? इन्होंने बोस जी की मान्यताओं के खिलाफ़ *रघुवंश* (कालिदास) महाकाव्य की जो श्रेष्ठता स्थापित की है, वह सर्वथा स्तुत्य है। लेकिन इस महाकाव्य को उनके द्वारा *रामायण तथा महाभारत* के बाद तीसरे सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण काव्य की श्रेणी में ला खड़ा करना समीचीन नहीं माना जा सकता है। *रामायण* तथा *महाभारत* तो आदि काव्य है। *रघुवंश* तो इनकी उपजीव्यता से अनुप्राणित एक महत्त्वपूर्ण और जीवंत काव्यधारा है। यह भी सच है कि *रघुवंश* भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का व्यापक अंकन प्रस्तुत करता है। लेकिन इसे सबसे ज्यादा प्रभावी राष्ट्रीय काव्य भी नहीं माना जा सकता क्योंकि अपने-अपने संदर्भ में प्रत्येक काल खंड की साहित्यिक रचनाओं में राष्ट्रीयता की भावना अंगड़ाई लेती रहती है। बस, उसका आयाम बदलता रहता है। आज की संस्कृत रचनाओं में भी उत्कट राष्ट्रीय भावना भरे दिखते हैं। इन्होंने *रघुवंश* की ऊर्जस्विता के सामने बांग्ला साहित्य को खारिज कर दिया है। लेकिन संस्कृत काव्य सुषमा का बांग्ला साहित्य से तुलना करना भी ठीक नहीं। हमें यह नहीं

भूलना चाहिए कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बांग्ला साहित्य ने भी बौद्धिक शस्त्रास्त्र के रूप में बड़ा मारक सामग्री जुटाया था।

त्रिपाठी जी ने *ब्रह्म* तथा *बालार्क* के संदर्भ में मैकडोनल्ड तथा कीथ कृत अर्थ क्रमशः *चरवाहों का ज्ञान* तथा *सवेरे का उदय होता सूर्य* पर जो आपत्ति उठायी है वह सर्वथा श्लाघनीय है क्योंकि ब्रितानी प्राच्यविदों का नज़रिया भारतीय सभ्यता, संस्कृति तथा साहित्य का प्रशासनिक तथा कूटनैतिक शोषण का अधिक था। इसी फलसफे के तहत संस्कृत ग्रंथों का अनुवाद भी शुरू हुआ। विलियम जोन्स और कोलब्रुक ने मिलकर हिन्दू धर्मशास्त्र *मनुस्मृति* का डाइजेस्ट आफ़ हिन्दू लॉ (1791 ई.) नाम से किताब लिखी। इतना ही नहीं हॉलहेड ने भी संस्कृत व्याकरण (1778 ई.) पर अंग्रेजी में पुस्तक लिखी। भारतीय कानून और दर्शन को समझने के लिये वाराणसी में जोनाथन डंकन ने *संस्कृत कॉलेज* (1799 ई.) की स्थापना की। भारतीय भूगोल को समझने के लिये भी *मेघदूत* (कालिदास) का तर्जुमा किया गया। लेकिन बोस जी की *विलायत-रिटर्न सामग्री* की चर्चा की थोड़ी बारीकी से सोचने-समझने की जरूरत है क्योंकि त्रिपाठी जी ने इसके मर्म भेदन में थोड़ी कोताही की है। इनके द्वारा लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, म.म. रामावतार शर्मा, पं. मधुसूदन ओझा सरीके चिंतकों का उद्धरण भारतीयता की तलाश में एक अच्छा पहल माना जा सकता है। लेकिन ग़ौरतलब है कि प्राचीन काल में सांस्कृतिक तथा व्यापारिक रिश्तों के जरिए जितना मजबूत और व्यापक वैदेशिक संबंध कायम हुआ। वह रिश्ता मध्यकाल तक आते-आते थोड़ा लड़खड़ा सा गया। प्राचीन काल में जहाँ सिल्करूट तथा नालंदा विश्वविद्यालय सदृश अनेक शैक्षणिक संस्थाओं ने इसमें इजाफा किया, वही सामंती तथा अनेक रूढ़िवादी व्यवस्थाओं ने मध्यकालीन अर्थव्यवस्था को कृषि प्रधान बनाकर इसके वैदेशिक संबंध को दायरों में सिमट दिया। मध्यकालीन यूरोप कर इतिहास भी तो *वार एंड सेक्स* के नाम से जाना जाता है। ऐसी स्थिति में हिन्दुस्तान का पाश्चात्य दुनिया से तथा पश्चिमी देशों का भारत से अलग थलग पड़ जाना स्वाभाविक था। अमेरिका से प्रकाशित पुस्तक (ईडविन विल्सन तथा इल्वीन गोल्डफार्व, *लिविंग थियेटरः ए हिस्ट्री*, 1994, द्वितीय संस्करण) में यह स्वीकार किया गया है कि मध्यकालीन भारत में संस्कृत नाट्य मंचनीयता का काफ़ी ह्रास हुआ जिसका कारण ये विदेशी विद्वान सल्तनत का भारत पर आक्रमण तथा उनके शासन का यहाँ जड़ जमाना भी मानते हैं। बोस जी ने ठीक ही लिखा है कि पाश्चात्य जगत संस्कृत भाषा तथा इसके विविध विपुल महत्त्वों को भूल चुका था। लेकिन दाराशिकोह, संपादित *उपनिषदों* का एक फारसी अनुवाद बेर्निये जब यूरोप ले गया और उसके आधार पर ही दू पेंर ने सन् 1801 में इसका

लैटिन, ग्रीक और फारसी मिश्रित अनुवाद प्रस्तुत किया तो सारे यूरोप द्वारा संस्कृत भाषा तथा इसके साहित्य पर फिर से कवायद शुरू कर दी गयी। फलतः पाश्चात्य प्राच्यविदों की विविध टोलियों द्वारा संस्कृत भाषा तथा साहित्य में निहित ज्ञान-विज्ञान को अपनी-अपनी भाषाओं तथा तर्कों के माध्यमों से पूरे जमाने में फैलाया गया। यह तथ्य अलग है कि संस्कृत पंडित इस विद्या को अपने कठिन शैक्षणिक तपस्या, लगन तथा समर्पण के बल पर इस भाषा को सर्वदा जीवंत एवं प्रवाहमान बनाये रखा जैसा कि त्रिपाठी जी ने भी संकेत दिया है। (पृ.155)। लेकिन साथ ही साथ यह भी ध्यान रहे कि इस *विलायत रिटर्न-सामग्री* को भारतीयता की कसौटी पर भी पूरी तरह कसने की जरूरत है ताकि विदेशी विद्वानों की कुछ चूक तो कुछ उनके खोटे मन की भी जाँच पड़ताल हो सके।

बोस जी का ठीक ही मानना है कि अंग्रेजी भाषा में संस्कृत भाषा के इतिहास से जुड़ी किताबों में रचनाओं के विश्लेषण की अपेक्षा ऐतिहासिक छानबीन का पलड़ा ही अधिक भारी मालूम पड़ता है। ज़ाहिर सी बात है कि शुरूआती दौर में यहाँ इस भाषा की अधिकांश महत्त्वपूर्ण किताबें विदेशी विद्वानों ने ही लिखी है और वे दूसरे देशों के इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने में माहिर है। संस्कृत साहित्य में अनेक अच्छी रचनाएँ लिखी जा रही हैं लेकिन साहित्य के बाज़ार में इनके ठीक ढंग से न पहुँच सकने के कारण इन पर यथोचित ढंग से चर्चा नहीं हो पा रही है। उनका मानना कि पुरोहित का पेशा जातिगत होता था। इसके लिये कोई प्रामाणिक कारण नहीं तलाशे जा सकते है। *कृष्ण यजुर्वेद* साफ़ लिखता है-*किं ब्राह्मणस्य पितरं किमु पितरं किमु पृच्छसि मातरम्। श्रुतं चेदस्मिन् वेद्यं स पिता स पितामहः।* (मैत्रायणि संहिता 4।8।1)। उनके हिसाब से ब्राह्मण समाज दर्पित, ईर्ष्यालु तथा वंशवादी था (पृ.18)। यह बात भी गले नहीं उतरती है क्योंकि *भूमि सूक्त* (अथर्ववेद) हिन्दुस्तान की माटी को अनेक धर्मों और भाषाओं से समन्वित मानता है-जनं विभ्रती बहुधा विवाचसं नाना धर्माणां पृथिवी- यथौकसम् (12/45)।

यह तथ्य अलग है कि छठी शताब्दी (वी.सी.) में कुछ वैदिक कर्मकाण्डों के कारण धार्मिक मामलों में अराजकता आ गयी थी। लेकिन याद रहे हर धर्म/व्यवस्था में कालगत अच्छे-बुरे बदलाव आते हैं। वैदिक सभ्यता भी इसका कोई अपवाद नहीं थी। फलतः इस धार्मिक सुधार आन्दोलन के गर्भ से गौतम बुद्ध तथा महावीर का प्रादुर्भाव हुआ। लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि *उपनिषद* विद्या ने भी इस बाह्याडम्बर को परिमार्जित करने के लिये सादगी से भरे जीवन शैली में संजीवनी का काम किया। वैदिक कर्मकाण्ड के विषय में

मार्क्सवादी इतिहासकार रोमिला थापर का मत भी विचारणीय है कि वेद कालीन आनुष्ठानिक/याज्ञिक विद्या ने प्राचीन भारत में गणित तथा शरीर रचना विज्ञान की खोज में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। (रोमिला थापर, *ह्रिस्टरी ऑफ एंशियंट इण्डिया*, 1961 ई.) फिर भी इस तथ्य को फिर से विश्लेषित करने की जरूरत है कि राजा राममोहन राय जिन्होंने कई उपनिषदों का अनुवाद भी किया। अंततः उन्हें भी संस्कृत भाषा को निरर्थक तथा धूर्तता का जनक क्यों मानना पड़ा। (अमल बोस, संपादक, *राममोहन रायः द मैन एण्ड हिज़ वर्क्स*, 1933 ई.)। इतना ही नही स्वामी वेदाचलम द्वारा संचालित '*तनित्तियामिल त्यागम्*' (1916 ई०) नामक संस्कृत विरोधी आन्दोलन की भी तहक़ीक़ात की ज़रूरत है। इसी प्रसंग में डॉ. भीमराव अम्बेडकर का विद्यालय जीवन का वह क्षण भी ध्यातव्य है जब संस्कृत शिक्षक ने उन्हें संस्कृत पढ़ाने में आना-कानी की थी। (निरंजन कुमार सिंह, शशिकुमार शर्मा, राम जन्म शर्मा तथा अनिरूद्ध राय, संपादक, *त्रिविधा,* 1980 ई०)।

यार्दी जी ने संस्कृत को मृतभाषा नहीं माना है। लेकिन इस भाषा के कुछ सक्रिय अनुरागियों की संकीर्णता एवं गुटबाजी की ओर जो संकेत दिया है वह वस्तुतः आज सर्वथा विचारणीय है। त्रिपाठी जी के हिसाब से भी *संस्कृत साहित्य सदा ही वर्तमान है।* इसके लिये साहित्य के अन्तः साक्ष्यों के रूप में सम-सामयिक भाषागत अनेक ठोस प्रमाण है जिनका खुलासा किया जाना उचित होगा। आज के संस्कृत साहित्य में अनेक समकालीन भारतीय भाषाओं के साथ शब्दों का विनिमय हो रहा है जो भाषा निरन्तरता तथा अर्थ ग्रहणशीलता के वैविध्य को भी पुष्ट करता है। क्लासिकल नाट्य साहित्य में जहाँ प्राकृत, मागधी, अर्धमागधी तथा शौरसैनी आदि भाषाओं का प्रयोग पात्र अपने संवाद में करते हैं वही समसामयिक संस्कृत नाट्य में-*नेवारी* (भारतविजय नाटक), *अवधी* (गांधीविजय नाटक), *बांग्ला* (युगजीवन) *कुँमाऊनी* (जयन्तु कुमाउनीयाः), संस्कृत-हिन्दी एक ही श्लोक में (शंकरविजय नाटक), *दन्तान् पिंसन-दाँत पिसता हुआ* (वीरप्रताप नाटक), खटखटायति खटखटाता है (मुक्ति महोत्सव), उर्दू-*ओवरंगजेव-औरंगजेब* (भारतीय नाटक) मराठी-*बद्ध-मुष्टिर्लक्षधिके मूल्या-झाकली झूठ सवा लाखची* (पाददण्डः) तथा अंग्रेजी-*शिकागोतः लव इण्डिया* (विवेकानन्दस्मृति) आदि शब्दों का प्रयोग संस्कृत भाषा को तत्सम से तद्भव की ओर मुखरित कर सरलीकरण की दिशा की ओर प्रेरित करते नज़र आते हैं।

संस्कृत कविता में भी *पवन प्रासादेन* (हवामहल) *गरीबः निवाज* (ख्वाजा गरीब निवाज़) तथा *चन्द्र प्रतोल्या* (*चांद पोल*, सभी शब्द सर्वशुक्ला प्रथम भाग

2003) जैसे नूतन शब्दों की संरचना तथा *नारीणां वसनानि यत्र लँहगा चोली सशाटी शिरा....।।9।। (श्रीरेवा भद्रपीठम्)* जैसे प्रयोग भी पढ़े जा सकते है। उसी प्रकार *उदूखले शिरोदाने मुसलात्काभीति* (ओखल में सर दिया तो डर किस बात का) तथा *शठे शाठ्यम् समाचरेत* (जैसे को तैसा-दोनों वीरप्रताप नाटक) *अस्ति द्विदलं किम्पच्छयाम् (दाल में कुछ काला है-भक्तसुदर्शन नाटक) बुद्धौ पाषाणः पतितः-बुद्धि का मारा जाना-*(वीरप्रताप नाटक) तथा *मक्षिकापात इव विध्नभयम्* (मक्खी के गिरने से अमंगल की आशंका-*(ज्ञानहीनाः पशुभिसमाना)* जैसे हिंदीनुमा संस्कृत मुहावरों का गढ़ा जाना भी संस्कृत भाषा की अविच्छिन्न साम्प्रतिकता को संपुष्ट करता है। उसी प्रकार आज के कवियों द्वारा ही *मिट्टी में मिला दिया जाना* (धूलिसाच्चक्रुरिमेऽज्ज्साद्य) *गोबर गणेश की तरह कायर बना रहना* (स्थिता यथा गोमयवक्रतुण्डा) तथा *नाक भौं सिकुड़ना (नासाभ्रुकुञ्चननुष सुतरां श्रुतिभ्याम्*-तीनों *संस्कृतांश 1/23, 10/12 तथा 3/33 साकेत-सङ्गरम् 2003)* जैसे हिंदीनुमा मुहावरों का सटीक संस्कृत अनुवाद भी पठनीय है।

संभवतः भारतवर्ष में ऐसी कोई भी मातृभाषा नहीं होगी जिसमें जाने-अनजाने संस्कृत शब्द का प्रयोग न होता हो। आज जो भारतीय ज्ञान-विज्ञान के प्रकल्पों तथा वैज्ञानिक शब्दावली विकसित किए गए हैं उनमें तकरीबन पाँच लाख से अधिक शब्दों को संस्कृत भाषा के बलबूते पर ही गढ़े गये है। *साहित्य अकादमी* तथा *ज्ञानपीठ* से संस्कृत की अच्छी रचना को पुरस्कार से भी नवाज़ा जाता है। देश के विभिन्न राज्य स्तरीय संस्कृत अकादियाँ भी इस दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। *आदि शंकराचार्य* संस्कृत फिल्म को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलना तथा *मृच्छकटिक* (शूद्रक) को राष्ट्रीय दूरदर्शन नेटवर्क पर जगह मिलना भी अच्छी बाते हैं। इसी दृष्टि से *गीत-गोविन्द* (जयदेव) का भी महत्त्व है। *ज्ञान दर्शन चैनल पर भाषा मंदाकिनी* संस्कृत चैनल का खुलना तथा रोज़ दूरदर्शन और आकाशवाणी से संस्कृत समाचार का वाचन भी संस्कृत भाषा के प्रवाह को इंगित करता है। कर्णाटक में शिमोगा नामक जनपद में मेतूर नाम से एक गाँव है जहाँ का प्रत्येक आदमी संस्कृत ही बोलता है।

समसामयिक संस्कृत साहित्य में भी विनोद साहित्य की मौजूदगी इसकी जीवंतता को प्रमाणित करता है। *ज्योतिषमती* (1939 ई. महादेव शास्त्री प्रधान संपादक *बलदेव प्रसाद मिश्र-संपादक)* नामक एक सचित्र हास्य परक मासिक संस्कृत पत्रिका छपती थी। इनके कुछ अंक अश्लीलात्मक भी हुआ करते थे। उसी प्रकार *उच्छृखलम्* (वाराणसी, पाक्षिक, 1940 ई.) भी सहृदय सामाजिकों तथा रसिकों की दुनियां में अपना रोल अदा कर रही थी। आज भी *संभाषण संदेश*

(अक्षरम्, गिरिनगरम्, बंगलोर) नामक मासिक पत्रिका में भी *ऐहि हसाम तथा चाटुचणकः* जैसे महत्त्वपूर्ण चुटकुले तथा *वर्ग प्रहेलिका* (क्रोस वर्ड) जैसे स्तम्भ छपते हैं। इसका *स्मारं स्मारं सुखिनः स्याम* नामक शीर्षक आपबीती कहानियों से जुड़ा होता है। इसी मायने में *चंदामामा* मासिक संस्कृत पत्रिका भी महत्त्वपूर्ण है? संस्कृत भाषा की ऐसी कई पत्रिकाएँ हैं जो संस्कृत भाषा के विविध समकालीन रचनाओं को प्रकाश में लाने के लिए निरन्तर सलंग्न हैं। राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली ने भी अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केंद्रों के माध्यम से संस्कृत की बुनियादी संभाषण तथा लेखन से संबंधित लगभग पचास हजार छात्रों को तीन महीनों में तैयार किया है। ग़ौरतलब है कि इस संस्कृत पाठ्यक्रम में अनेक अल्पसंख्यक समुदायों के भी छात्र हैं। इसी पाठ्यक्रम से जुड़ी पाँच भागों में विभाजित पुस्तकों का एक लाख तीस हजार के आस-पास प्रतियाँ का बिक जाना भी पाठकों का संस्कृत भाषा की ओर झुकाव को बताता है। सन् 1999 में सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला भी ग़ौरतलब है जिसमें इसके व्यावहारिक तथा सांस्कृतिक महत्त्व को बताते हुए त्रिभाषा फार्मूला में लागू करने का आदेश दिया गया। संस्कृत भाषा के साहित्यिक तथा सांस्कृतिक महत्त्व को समझने के लिये इन्द्रनाथ चौधरी जी का आलेख *संस्कृत की परंपरा तथा भारतीय साहित्य की एकता की अवधारणा* (*समकालीन भारतीय साहित्य,* अंक 95, मई-जून 2001) भी पठनीय है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भी अधिकांश भारतीय भाषाओं की संयोजक कड़ी संस्कृत को ही माना है। (द *हिन्दू*, 11 जनवरी, 2000)।

बोस जी ने *रघुवंश, कुमारसंभव* तथा *मेघदूत* (तीनो कालिदास) तथा *गीत-गोविन्द* (जयदेव) को कोई तरजीह नहीं दिया है। लेकिन उन्हें यह जानना चाहिए कि शायद ही ऐसी कोई भारतीय भाषा है जिसमें इनका अनुवाद न हुआ हो। इनमें कुछ का तो एक ही भाषा में कई अनुवाद पढ़े जा सकते हैं। *मेघदूत* तो हिंदी भाषा में अर्धशतक लगा चुका है और ध्यान रहे कि *भगवद्गीता* के बाद सबसे ज्यादा टीकाएँ *मेघदूत* पर ही लिखी गयीं है। इससे इसकी काव्य सौष्ठव तथा कालजयिता भी प्रमाणित होती है। रवीन्द्रनाथ ठाकुर भी इसकी नैसर्गिक सुषमा से बहुत प्रभावित हैं। उनका मानना है कि मानव इसे पढ़कर गंवारू कुस्वरता को सुनने से बच सकता है। (द *मेघदूतम्; टैगोरः लिटरेचर एंड लॉग्गेयेज़ः 2001 ई.*) मार्क्सवादी समालोचक एवं विद्वान नागार्जुन द्वारा *मेघदूत* का हिंदी अनुवाद भी महत्त्व की बात है। लाला सीताराम ने तो 1883 ई. में इसका हिन्दी अनुवाद कर दिया था। जगमोहन सिंह ठाकुर ने भी इस भाषा में अनुवाद किया। *मेघदूत* का ए. कुमारस्वामी पिल्लै द्वारा *मेकात्तक कारिकै* (Mekatatak Karikai) नाम से तमिल (1897 ई.), डोड्डावेलि गोपालाचार्य (Doddabele

Gopalacharya) *द्वारा मेघसन्देशम्* (1899 ई.) के रूप में कन्नड़ तथा कमलनाथ अधिकारी द्वारा इसका नेपाली भाषा में अनुवाद (1830 ई.) भी उल्लेखनीय है। वालाचार्य गोपालाचार्य सक्कारी ने *मेघदूत* का '*कन्नडपड्यरूप मेघदूत काव्यवु*' (1892 ई.) अनुवाद तथा राय देवी प्रसाद पूर्ण ने भी इसका धराधर धावन (Dharādhār Dhāvan-1902 ई.) के नाम से हिंदी अनुवाद किया। भारत का पहला आई.सी.एस. (अब आई.ए.एस.) सत्येन्द्र नाथ ठाकुर ने भी इसका तर्जुमा किया। अत: बोस जी के हिसाब से *मेघदूत* यौनता और इन्द्रिय विलास छटा के बिना *कंकालमात्र* है (पृ.08) ठीक नहीं माना जा सकता क्योंकि *मेघदूत मनुष्य के अनंत स्वप्न, जिजीविषा और प्रेम की अनन्य निष्ठा का काव्य भी है। (राधावल्लभ त्रिपाठी, संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास, 2001)*।

उसी प्रकार *गीत-गोविन्द* (जयदेव) का आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा हिंदी (1890 ई.) तथा पेरी स्वामी तीरूमलाचार्य द्वारा कन्नड़ अनुवाद भी द्रष्टव्य है। इसका गुजराती संस्करण भी पढ़ा जा सकता है। बोस जी को याद रखना चाहिए कि कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर को अपने पिता के संकलन मञ्जूषा से बांग्ला लिपि में प्राप्त *गीत-गोविन्द* की प्रति ने बड़ा प्रभावित किया था। (जीवन-स्मृति, रवीन्द्र रचनावली, सुलभ संस्करण, विश्व भारती भाग 9)। अत: बोस जी का मानना है कि *गीत-गोविन्द* अपनी अनुप्रासमयता और श्रृंगार रस से उबा देता है वह कथन खारिज हो जाता है। इसलिये भी कि उपर्युक्त उद्धरण में ठाकुर जी ने माना है कि 'गीत गोविंद' को कितनी बार पढ़ा था, उसकी संख्या उन्हें याद नहीं।

त्रिपाठी जी ने कुछ हिंदी साहित्यकारों का संस्कृत साहित्य से मोहभंग होने की बात उठायी है जो इशारा महावीर प्रसाद द्विवेदी, भारतेन्दु हरिश्चंद, महाप्राण निराला तथा आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री की ओर भी घूमता नज़र आता है। अत: इस रिश्ते के अन्दरूनी सबब पर भी एक खुली बहस की जरूरत लगती है। बोस जी ने यह प्रश्न बड़ा जायज उठाया है कि पाश्चात्य चिंतकों ने भारतीय रस सिद्धान्त पर कोई खास मीमांसा नहीं की है। इसका कारण यह भी हो सकता है कि पाश्चात्य जगत नास्तिक है। भारतीय दर्शन आस्तिक और नास्तिक मतों का समन्वय है। भारतीय रस सिद्धान्त में सांख्य, मीमांसा तथा वेदान्त आदि के जो फलसफे हैं उन्हें समझने की उन लोगों में परिपक्व दृष्टि नहीं। अत: उनके द्वारा विश्लेषण के साथ संश्लेषण की संपृक्तता स्थापित करना टेढ़ी खीर है।

प्रस्तुत आलेख वस्तुत: बोस जी के प्रति हार्दिक भावांजलि है जिन्होंने संस्कृत कविता के फलसफे के विश्लेषणात्मक आयामों में बड़ा इज़ाफा किया

है। त्रिपाठी जी ने खंडन-मंडन के जरिए एक सार्थक विमर्श शुरू किया है। यार्दी जी के चिंतन में भी समसामयिकता है। इस परिप्रेक्ष्य में यह अदना सा आलेख एक छोटा प्रयास ही माना जाए। संस्कृत कविता की सुदीर्घ वैदिक वाङ्मय की धड़कनों को आज के प्रसंग में भी अनुप्राणित करने की बड़ी जरूरत है। अन्यथा अमेरिका से छपने वाली लब्धप्रतिष्ठ पत्रिकाएँ *ग्रॉटा* और *न्यूयॉर्कर* जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अपने स्वर्ण जयन्ती विशेषांक के माध्यम से यह मिथक फैलाने का प्रयास किया है कि आज के भारतीय साहित्य में सहादत मंटो सदृश एक दो साहित्यकारों की रचनाओं को यदि छोड़ दिया जाए तो हम पाते हैं कि आज के हिन्दुस्तानी अदब में कोई राष्ट्रीय स्वरूप नहीं है। ध्यान रहे कि सावधान न हुए तो कुछ समय के बाद उनका यह मिथक ही ठीक लगने लगेगा। *ग्लोबलाइजेशन* की आड़ में जो सांस्कृतिक तथा आर्थिक आक्रमण की तैयारी चल रही है, उसके खिलाफ भी भारतीय साहित्य को एक जुट होना है क्योंकि भाषाशास्त्री एंड्रलू डेली ने अपने हाल की छपि किताब *लौंग्वेज़ इन डेंज़र* में साफ़ लिखा है कि *अपनी भाषा को बचाना इसलिए अनिवार्य है, क्योंकि दूसरी भाषाओं में हम कितने ही निष्णात हो जाएँ, वे हमारी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकतीं। स्वयं की मौलिकता को बनाएँ रखना है तो आपको अपनी भाषा सीखनी और पढ़नी होगी।*

✦✦✦

Challenges of Modern Life Style And Vedānta

(with special reference to Chāndogyopaniṣadvākya)

Dr. Satyamurti,

Special Centre for Sanskrit Studies,
JNU, New Delhi

Introduction :

A recent survey of the HR departments of a few leading companies like Apollo Hospital, Britannia, Samsung, Make My Trip, DDB Mudra & Omni-tech Info-solution, has revealed some astonishing facts[1]. The survey says that the companies are facing most of the difficulties only because of seven deadly HR sins. These are - compromise, mistrust, worship, ignorance, greed, defiance & arrogance. These are affecting the work-efficiency and output badly. If we meticulously examine, we find that all of these are directly connected with mental and psychological problems present in human beings. Thus, they need to be cured through conditioning mind only. The Vedānta school of Indian philosophy has analyzed human psyche and capable to pave way to handle these problems.

In the present time, management is one of the most popular academic disciplines. Management theories focus mostly on the object of management and not on the manager himself. These theories forget that manager enjoys the pivotal position in all kinds of entrepreneurship and without managing him; no entrepreneurship can reach to the door of success. Now-a-days, the manager himself is in trouble and is not able to use the immense potential latent within him. For increasing the work-efficiency and achieving good output, one needs to reveal maximum potentialities inherent in oneself through self-management. That is why self-management has become an important issue in the present time.

1. "*Seven deadly sins prevailing in HR domain*" by Lynn Lobo, TNN in *The Economic Times* of 22 Feb., 2012

Vedānta philosophy strongly believes that by managing oneself, one can do wonders in whatsoever entrepreneurship one starts. If we meticulously examine, we find that the hustle & bustle of modern life-style is resulting into various problems - physical and psychological as well. Modern Medicine has universally accepted that there are three fatal problems in the modern life-style which are jeopardizing one's life and directly affecting the work-efficiency of an individual:

* Unhealthy eating habits
* Stress
* Sedentary life

These things of the modern life-style are responsible for obesity, high blood pressure, diabetes, insomnia, infertility and many other diseases. These diseases are spreading like pandemic. Cesarean birth has become a common phenomenon and natural birth is becoming rarer and rarer day by day. Our unhealthy life-style has given birth to these ailments even at young stage. Hospitals and quacks therein are flourishing. The entire scenario is alarming. These are affecting the work-efficiency and output badly. There is an immediate need of rectifying life-style and managing oneself to reverse this grim situation.

The work efficiency of an individual can be increased only when we would bring a substantial change in our life-style. Our thinkers and philosophers had a vision to tackle the problems related to inappropriate life-style and to realize the latent potentialities of human-beings up to a great extent. More specifically, the Vedānta school of Indian Philosophy has developed a systematic method of managing oneself through leading a proper life style.

The present paper is a modest endeavor to bring the Vedāntic view on life-style to the fore through the analysis of a self-management model given in *Chāndogyopaniṣadvākya.*

Chāndogyopaniṣadvākya **and Review of related works :**

Chāndogyopaniṣadvākya is a commentary on *Chāndogyopaniṣad*. It was written by Ṭaṅkācārya, a Vedānta scholar of 500 A.D.[1] He is also known as Brahmanandī.[2] He is often referred as

1. *Encyclopedia of Indian Philosophies*, Vol. I, Section 1, p. 207.
2. "taṅko brahmanandī eka eva vyavahṛtaḥa" - Śrutaprakāśikā & Tattvaṭīkā on *Śrībhāṣya* as quoted in the footnote of ***Śrīśaṅkarātpragadvaitavādaḥ***; p. 132.

Vākyakāra.[1] His marvellous work *Chāndogyopaniṣadvākya* is lost today. But, thirty references are found interspersed in the texts of later Vedānta. Eight references are found in Advaita texts and rest twenty two references have been made in Viśiṣṭādvaita texts.[2] It is difficult to ascertain whether the belongs to Advaita School or Viśiṣṭādvaita School. But, this hardly affects ethical aspects of the two philosophies. Rāmānujācārya (1017AD -1137 AD), the great scholar of Viśiṣṭādvaita school has cited the ideas of *Chāndogyopaniṣadvākya* in his Śrībhāṣya on Brahmasūtra; 1.1.1.

Since the work is lost today, we have no choice to take resort to the philosophical texts like *Śārīrakabhāṣya* of *Śaṅkara* and *Śrībhāṣya* of Rāmānujācārya on *Brahmasūtra* of *Bādarāyaṇa*. Apart from this, two commentaries of Sudarśana Suri (1290 AD) on *Brahmasūtraśrī-bhāṣya* proved to be extremely helpful. These are Śrutaprakāśikā & Śrutapradīpikā. Apart from these commentaries, a few important works are available on Ethics of Vedānta, viz. *A Manual of Ethics* by Jadu Nath Sinha, *A Historical Developmental Study of Classical Indian Philosophy of Morals* edited by Rajendra Prasad in the series of *History of Science, Philosophy & Culture in Indian Civilisation* (Vo. XII, Part 2) generally edited by D. P. Chattopadhyaya etc.

But, these editions or independent researches deal with ethics in a general manner. None of these works go in the vertical depth of *Chāndogyopaniṣadvākya*. The present paper not merely derives a self-management model from the text, but also reinforces it with ideas of Yoga & Āyurveda. In this way, it tries to give a new insight to look at the text.

Self-management model of *Chāndogyopaniṣadvākya*:

Theself-management model for living a long and healthy life is derived primarily on the basis of the following sentence of *Chāndogyopaniṣadvākya* as cited by Rāmānujācārya:

"tallabdhir-viveka-vimokābhyāsa-kriyā-kalyāṇāna-

---

1. "chāndogyavākyakāreṇa brahmanandinā/" - Vedāntakalpataru on ***Brahmasūtra***; 1.4.27; "ayameva chāndogye vākyakāravṛttikārābhyāṁ sampradāyataḥ samāśritaḥ/ " - Bhāskarabhāṣya on ***Vedāntasūtra***; 1.4.25 and "brahmanandi -viracitavīkyīnāṁ sūtrarūpāṇām...." - Sārasaṅgrahaṭīkā; p. 1449 on ***Saṅkṣepaśārīraka***; 3.220.
2. ***Śrīśaṅkarātprāgadvaitavādaḥ***; p. 138-142.

vasādā-nuddhrṣebhyaḥ sambhavānnirvacanācca /"[1]

Here, tat means *upāsanā*, i.e. a kind of meditative state of mind full of self-awareness (*vedanā*)[2]. By repeated practice, a firm & continuous self-awareness like flowing oil is attained. It is also called *dhruvā smṛti* or *bhakti*.[3] Ṭaṅkācārya says in this sentence that this meditative state can be obtained through *viveka* (physical purity through discrimination), *vimoka* (abandoning expectation), *abhyāsa* (continued practice), *kriyā* (Duty), *kalyāṇa* (virtuous conduct), *anavasāda* (freedom from depression) and *anuddharṣa* (absence of exultation) because it is endorsed by logic and scriptures as well.

On the basis of this idea of Ṭaṅkācārya, a self-management model can be derived; which is capable to reverse the grim situation and to solve the problems generated due to unhealthy life-style. This self-management model has three components of a healthy life-style. These are as follows:

* **Right eating** - Good eating habits (*āhāraśuddhi*) & maintaining proper hygiene
* **Stress busting** - Conditioning mind through proper stress management
* **Exercise** - Physical activities as per one's choice including the practice of *prāṇāyāma*.

These three components of the self-management model render solutions to the three problems of modern life-style mentioned earlier in the same order. Now, each of these components of a healthy life-style needs to be explained in the light of the idea of Ṭaṅkācārya. Parallel references from other texts of Vedānta and Āyurveda shall also be given in support of the ideas of Ṭaṅkācārya.

---

1. *Chāndogyopaniṣadvākya* as quoted in Śrībhāṣya on ***Brahmasūtra***; 1.1.1
2. "vedanamupāsanaṁ syāat tadviṣaye śravaṇāt/" - Śrībhāṣya on the ***Brahmasūtra***; 1.1.1
3. "dhyānaṁ catailadhāravadavicchinnasmṛtisantānarūpam - dhruvā smṛti/ ... 'upāsanaṁ syāt dhruvānumṛtidarśanānnirvacanācca' iti/ tasyaiva vedanasyopasanarūpasya asakṛdāvṛttasya dhruvāsmṛtitvamupavarṇitam/ .. evaṁrūpā dhruvānusmṛtireva bhaktiśabdenābhidhīyate, upāsanāparyāyatvāt bhaktiśabdasya/" - *Chāndogyopaniṣadvākya* as quoted in Śrībhāṣya on ***Vedāntasūtra***; 1.1.1

Right Eating -

The term *viveka* used in the sentence of Ṭaṅkācārya signifies right eating habits. The term *viveka* means discrimination between good food and bad food. It is the wisdom of purification of body through adopting good food and right eating habits and by discarding improper food and unhygienic eating habits[1]. This is called *āhāraśuddhi*, which is extremely important for the purity of body. All virtuous acts can be performed only with a healthy body[2]. Therefore, it becomes inevitable to pay attention to *āhāraśuddhi* to build a healthy body. Though food is directly related to our physical body, but through body it affects mind and soul as well. A sound mind lives in a sound body.

Right food-habits may be explained in two ways - quantitatively and qualitatively. There are two views regarding the quantity of the food - *sarvatograha*, i.e. the total quantity of the food and *pratigraha*, i.e. the relative proportion of each ingredient of food[3]. Food must be taken in appropriate quantity in accordance with one's age, capacity, appetite and situation. That is called *ātmasammitaāhāra*[4]. Over-eating may result into obesity, heart-disease, high blood-pressure etc. Even under-eating may cause low blood-pressure, anaemia and other deficiency-diseases. Those, who are blind followers of the western culture and who avoid food consciously to maintain figure as per western parameter of beauty, must be careful that they might become anorexic. Balanced diet is extremely important for attaining the meditative state mentioned earlier[5]. There is no chance of attaining the same for those, who eat too much or those, who do not eat at all[6].

---

1. "jātyāśrayanimittāddusṭādannāt kāyaśuddhirvivekaḥ/" - Śrībhāṣya on the ***Brahmasūtra***; 1.1.1
2. "śarīramādyaṁ khalu dharmasādhanaṁ/" - ***Kumārasambhava***; 5.33.
3. tatra sarvasyāhārasya pramāṇagrahaṇamekapiṇḍena sarvagrahaḥ parigrahaḥ punaḥ pramāṇagrahaṇamekaikaśaḥ yenāhāradravyāṇām /" - ***Carakasaṁhitā*** Vimānasaṁsthāna; 1.21.
4. "yadu ha vā ātmasammitamannaṁ tadavati, tanna hinasti, yad bhūyo hinasti tat kanīyo'nnaṁ na tadavati / - ***Śatapathabrāhmaṇa***; 9.2.1.22 as quoted in Śaṅkarabhāṣya on ***The Gītā***; 6.16.
5. "yuktāhāravihārasya yuktaceṣṭasyakarmasu / yuktasvapnāvabodhasya yogo bhavato duḥkhahā// - ***The Gītā***; 6.17.
6. "nāpyaśnatastu yogo'sti na caikāntananaśnataḥ/ - ***The Gītā***; 6.16.

Therefore, one should eat neither more nor less than what suffices oneself[1]. Nutritious food in appropriate quantity not just makes body attractive but also, keeps many diseases away. Abandoning food completely makes no sense. In his commentary on the Gītā, Śaṅkarācārya quotes a very beautiful method of having food from the Yogaśāstra - "Half of the stomach, fill with food & condiments; the third quarter is for water; leave the forth for the movement of air."[2]

In the same way, one should be cautious of *pratigraha* i.e. the relative proportion of each ingredient in the food. The relative proportion of each ingredient in the food should be maintained in such a way so that one's need of carbohydrate, proteins, fat, vitamins and other minerals might be fulfilled. This is the idea of balanced diet in modern dietetics.

Now, the qualitative aspect of diet is to be discussed. One must take diet such as milk, green vegetables, salad which is rich in proteins, minerals and micronutrients. We should regularly take sprouts, fresh fruits & their juices, which are rich sources of nutritious elements. Such food promotes longevity, strength of mind, power, health, comfort and pleasure[3]. Ill-cooked, stale, smelling food and junk-food are strictly prohibited and are named *tāmasa* food[4]. Even sour and spicy food is also to be avoided[5]. As far as oil is concerned, it should also be included in adequate measure, but it is wise to take things like almond, dry-fruits and nuts in which oil is present naturally. One should avoid refined oil etc. Our scriptures have always prescribed *ghee* of cow as the best form of fat[6].

Apart from food, one must take care of drinking water properly

---

1. "yadu ha vā ātmasammitamannaṁ tadavati, tanna hinasti, yad bhūyo hinasti tat kanīyo'nnaṁ na tadavati / - ***Śatapathabrāhmaṇa***; 9.2.1.22 as quoted in Śaṅkarabhāṣya on ***The Gītā***; 6.16.
2. ardhaṁ savyañjanānnasya tṛtīyamudakasya ca/ vāyoḥ sañcāraṇārthaṁ tu caturthamavaśeṣayet //" - Śaṅkarabhāṣya on the ***The Gītā***; 6.16.
3. "āyuḥsattvabalārogyasukhaprītivivardhanā/" - ***The Gītā***; 17.8.
4. "yātayāmaṁ gatarasaṁ pūtiparyuṣitaṁ ca yat / ucchiṣṭamapi cāmedhyaṁ bhojanaṁ tāmasapriyam//" - ***The Gītā***; 17.10.
5. "kaṭvamlalavaṇātyuṣṇatīkṣṇarukṣavidāhinaḥ / āhārā rājasasyeṣṭā duḥkha-śokāmayapradāḥ//" - ***The Gītā***; 17.9.
6. "sarpirmajjāvasātailaṁ sneheṣu pravaraṁmatam/ tatrāpi cottamaṁ sarpiḥ saṁskārasyānuvartanāt// mādhuryādavidāhitvājjanmādyeva ca śīlanāt/" - ***Aṣṭāṅgasaṁgraha*** Sūtrasaṁsthāna; 25.5- 6.

